हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 17.8 डिग्री

# एमबीए की डिग्री रखने वाले नहीं पढ़ा पाएंगे कॉमर्स, कई सह-विषयों की मान्यता खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

एमबीए की डिग्री रखने वाले अब कॉमर्स के छात्रों को नहीं पढ़ा पाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग की कमेटी ने यह फैसला किया है। किसी भी विषय को दो वर्गों में विभाजित किया जाता है। इसमें एक वर्ग मुख्य विषय का तथा दूसरा वर्ग सह-विषय का होता है। कुछ विषयों में केवल मुख्य विषय की डिग्री रखने वालों को ही मुख्य विषय तथा सह विषय पढ़ाने की अनुमति होती है तो कुछ विषयों में सह-विषय की उपाधि रखने वालों को मुख्य विषय पढ़ाने की अनुमति नहीं होती है। एमबीए को कॉमर्स संकाय का उप-विषय माना जाता है। पूर्व में एमबीए की उपाधि रखने वालों को कॉमर्स संकाय के अध्यापन की अनुमति थी, लेकिन अब एमबीए की उपाधि रखने वाले कॉमर्स के छात्रों को नहीं पढ़ा पाएंगे।

इस एक विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों और उप-विषयों की सूची भी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई है। इसमें विषयवार जिक्र है कि कौन से उप-विषय के उपाधि वाले कैंडिडेट मुख्य विषय का अध्यापन करा ▶▶|शेष पेज 14 पर

## पीएससी के अंतर्गत प्राध्यापकों के 595 रिक्त पदों के लिए चल रही है भर्ती प्रक्रिया

- उच्च शिक्षा विभाग ने जारी की अध्यापन संबंधित नवीन सूची, गठित की गई थी विषय विशेषज्ञों की समिति



### वर्तमान भर्ती से प्रभावशील

पीएससी द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापकों के रिक्त 595 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। इन पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन सहित अन्य प्रक्रियाएं जारी हैं। वर्तमान भर्ती से ही ये नए नियम प्रभावशील हो जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पीएससी को भी मुख्य विषय और सह-विषयों की सूची प्रेषित कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने 13 विषयों की सूची जारी करते हुए बताया है कि कौन से सह-विषय वाले इन 13 मुख्य विषय को पढ़ा सकते हैं।

### 2017 भर्ती में बदले गए थे नियम

गौरतलब है कि वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग के अधीन प्राध्यापकों के 595 रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इस भर्ती परीक्षा में ये संशोधित नियम लागू रहेंगे। इसके पूर्व 2017 में हुई भर्ती प्रक्रियाओं के दौरान नियमों में संशोधन करते हुए कई सह-विषय के उपाधिधारकों को मुख्य विषय अध्यापन की छूट प्रदान की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालय और महाविद्यालय जब अपने स्तर पर संविदा अथवा अन्य पदों पर प्राध्यापकों की भर्ती करते हैं तो वे सह-विषय वाले कैंडिडेट्स का चुनाव नहीं करते हैं। विश्वविद्यालयों में प्रचलित नियम को अब उच्च शिक्षा विभाग की भर्ती में भी लागू किया जाएगा।

### जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित नहीं, वे भी आवेदन के लिए पात्र

उच्च शिक्षा विभाग के अलावा लोक सेवा आयोग ने भी अपने एक नियम में बदलाव करते हुए सिविल जज परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियोंको राहत दी है। पीएससी ने कनिष्ठ सिविल जज के 57 रिक्त पदों के लिए भर्तियां निकालते हुए 26 दिसंबर से 24 जनवरी तक आवेदन मांगे थे। उच्च न्यायालय के फैसले के आधार पर अब इसके नियमों में बदलाव किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित नहीं हैं, वे भी सिविल जज भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। चूंकि आवेदन की अंतिम तिथि 24 जनवरी ही थी, ऐसे में नए नियम के बाद पीएससी ने आवेदन तिथि में भी वृद्धि कर दी है। अब 2 फरवरी तक सिविल जज भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किए जा सकेंगे।

आरोपियों को रिमांड में जेल भेजने कोर्ट में देर रात तक होती रही सुनवाई

# ऑनलाइन ठगी का पैसा म्यूल अकाउंट से विदेश ट्रांसफर, छह और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य में अब तक की सबसे बड़े साइबर फ्रॉड के आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में आरोपियों की संख्या 62 से बढ़कर 68 तक पहुंच गई है। म्यूल अकाउंट के खाताधारकों के अकाउंट से मलेशिया, चीन सहित अन्य देशों में पैसे ट्रांसफर होने के संकेत मिले हैं। रेंज साइबर पुलिस को म्यूल अकाउंट खुलवाने बैंक प्रबंधन की संलिप्तता होने का शक है।

रेंज साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट खुलवाने के मामले में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें ज्यादातर स्टूडेंट हैं। दलालों की मदद से बैंक में म्यूल अकाउंट खुलवाने की बात सामने आई है। देश के अलग-अलग राज्यों में सक्रिय साइबर अपराधी अकाउंट को ▶▶|शेष पेज 14 पर

## रिमांड में जेल भेजने दो हजार से ज्यादा पन्नों का दस्तावेज

### पड़ताल करने में छह माह लगे

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार आई-4 सी से मिले डेटा के बाद अकाउंट की पड़ताल करने में छह माह से ज्यादा का समय लगा। इसके बाद कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ी। बैंक के खाताधारकों के खिलाफ साइबर पुलिस सीधे तौर पर कार्रवाई नहीं कर सकती थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए साइबर पुलिस ने खाताधारकों की प्रोफाइल की जानकारी हासिल की, तब जाकर म्यूल अकाउंट होल्डर के खिलाफ कार्रवाई की गई।


85 करोड़ की साइबर ठगी, कई राज्यों में 1435 केस
दबोचे गए 62 जालसाज, इनमें रायपुर के 40

### संलिप्तता पाए जाने पर बैंक कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई

आपराधिक उद्देश्य से म्यूल अकाउंट खुलवाने वाले 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। म्यूल अकाउंट खुलवाने में मदद करने बैंक कर्मियों की संलिप्तता पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

- अमरेश मिश्रा, रेंज आईजी

**नोडल एजेंसी से मिले इनपुट के आधार पर कार्रवाई :** संदिग्ध तथा म्यूल अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करने रेंज साइबर पुलिस ने साइबर फ्रॉड रोकने केंद्र की नोडल एजेंसी आई-4 सी डेटाबेस की एनालिसिस किया। एनालिसिस में 11 सौ संदिग्ध अकाउंट ▶▶|शेष पेज 14 पर

### इसलिए आए संदेह के दायरे में

राज्य के साथ देश के अन्य राज्यों में जो साइबर ठगी के अपराध दर्ज हो रहे हैं, ठगी में बड़े पैमाने पर छत्तीसगढ़ में अलग-अलग नाम के लोगों के बैंक अकाउंट में करोड़ों रुपए ट्रांसफर होने की बात सामने आ रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने रेंज पुलिस को म्यूल अकाउंट के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल कर कार्रवाई करने निर्देश दिए। साइबर पुलिस को राज्य के कई जिलों में म्यूल अकाउंट संचालित होने की आशंका है। जानकारों के अनुसार म्यूल अकाउंट के खिलाफ स्टेट साइबर पुलिस को अभियान चलाकर कार्रवाई करने की जरूरत है।

## परेड अभ्यास के दौरान घोड़े से उछला जवान, गिरकर हुआ बेहोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुलिस परेड ग्राउंड की घटना

पुलिस ग्राउंड में गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास के दौरान शुक्रवार सुबह 10.30 बजे एक जवान घोड़े से गिरकर बेहोश हो गया। मौके पर उपस्थित पुलिस अफसरों के साथ अन्य जवान घायल को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लेकर ▶▶|शेष पेज 14 पर

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

आज से इन सिनेमाघरो मे देखिए




1. राज टॉकिज- रायपुर
2. मिराज सिनेमा- नया रायपुर
3. पी वी आर सिटी सेंटर- रायपुर
4. आईनाक्स अम्बुजा माल - रायपुर
5. कलर्स माल- रायपुर
6. मुक्ता ए 2 - भिलाई
7. आर एल आर चंद्रा- भिलाई
8. पी वी आर -भिलाई
9. तरूण एल बी - दुर्ग
10. के सेरा सेरा - दुर्ग
11. अप्सरा टॉकिज- दुर्ग
12. श्री कृष्णा टॉकिज- राजनांदगांव
13. सिल्वर स्क्रीन- राजनांदगांव
14. पाची सिनेमा - बालोद
15. विनय टॉकिज- बालोद
16. माथुर सिटीप्लेक्स- दल्लीराजहरा
17. विनायक- कोंडागांव
18. सिनेवर्ल्ड - कांकेर
19. श्री टॉकिज- पाटन
20. देवश्री टॉकिज- धमतरी
21. प्रशांत एस आर एम- धमतरी
22. गैलेक्सी- राजिम
23. बिठोबा - महासमुंद
24- सिटी सिनेमा- बागबाहरा
25. सिटी सिनेमा- बसना
26. गरिमा- पिथौरा
27. सिटी सिनेमा- सारंगगढ़
28. संजना सिनेमा- सरायपाली
29. मार्को सिनेप्लेक्स- सरसींवा
30. श्री महल - भटगांव
31. आब सिनेमा- बिर्रा
32. किशोर- कोंडागांव
33. रामा मेट्रो- शिवरीनारायण
34. तक्ष सिनेमा- शिवरीनारायण
35. रामनिवास- रायगढ़
36. आर के मल्टीप्लेक्स- रायगढ़
37. ग्रैंड सिनेमा- रायगढ़
38. गैलेक्सी- रायगढ़
39. जो सी एम- अम्बिकापुर
40. कृष्णा मेट्रो- सक्ति
41. मुकुंद - चांपा
42. पद्मिनी- चांपा
43. मेट्रो- जांजगीर
44. निहारिका- कोरबा
45. चित्रा- कोरबा
46. सिनेमुड - कोरबा
47. मुरली मेट्रो- कटघोरा
48. वसुंधरा मल्टीप्लेक्स- अंबिकापुर
49. बसंत मल्टीप्लेक्स- अंबिकापुर
50. आईमेक्स- सुरजपुर
51. सिटी प्लेक्स- भाटापारा
52. माँ भवनेश्वरी टॉकिज- कवर्धा
53. अनुपमा सिनेमा- जगदलपुर
54. पुजाश्री टॉकिज- पेंड्रा रोड
55. सिटी 36- बिलासपुर
56 . पी वी आर- बिलासपुर
57. सुनीलम- कुरूद
58. जयश्री टॉकिज- नागपुर
59. लेसा- खरियार रोड
60. बालाजी टॉकिज- कसडोल
61. दुर्गेश सिनेमा- पेन्ड्रा रोड
62. सी 2 सिनेमा- पत्थलगांव
63. विवान सिनेमा- पत्थलगांव
64. मयुर- बालाघाट
65. ट्रेजर सिनेमा- बईहर
66. श्री सिनेमा- डोंगरगढ़
वितरक- आर एल आर सिनेमा

शुभम के मार्ट™
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !
एक्स्ट्रा बचत के 5 दिन
23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
रिपब्लिक महोत्सव
डिस्काउंटेड सेलिंग प्राइस पर
एक्स्ट्रा
10% OFF



ऑफर 87 (FMCG) उत्पादों पर उपलब्ध होगा
**कम से कम 2500 या उससे अधिक की खरीददारी पर
*T&C अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी शुभम के मार्ट पर विजिट करे
हैण्डलूम एवं होम डेकोर
डिस्काउंट पे 10% एक्स्ट्रा डिस्काउंट
प्लास्टिक एवं होम एप्लायंस
डिस्काउंट पे 10% एक्स्ट्रा डिस्काउंट
फैशन सभी के लिए!
डिस्काउंट पे 10% एक्स्ट्रा डिस्काउंट
रायपुर स्टोर:
संतोषी नगर | पंडरी | पुरानी बस्ती | श्रीनगर | कोटा | सरोना | कमलविहार | देवेन्द्र नगर | चंगोराभाठा
कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110
FOLLOW US ON: shubhamkmartofici Shubham K Mart @shubhamkmart2926

# इंटरव्यू के बाद भी नहीं मिले परफ्यूजनिस्ट और फिजिशियन, भर्ती मरीजों को बाईपास सर्जरी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंटरव्यू में उम्मीदवार आने के बाद भी आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग में परफ्यूजनिस्ट और फिजिशियन की भर्ती नहीं हो सकी है। इसकी वजह से विभाग में भर्ती दो मरीजों को बाईपास सर्जरी होने का इंतजार है। यहां ऑपरेशन के लिए सर्जन तो उपलब्ध हैं, मगर तकनीशियन नहीं होने की वजह से मरीजों की सर्जरी नहीं हो पा रही है। महीनेभर पहले छह पदों के लिए साक्षात्कार सफल हुआ था, मगर कार्डियक एनेस्थेटिस्ट नहीं पहुंचे थे।

अलग खबर

जानकारी के अनुसार, नई सरकार द्वारा पुराने भर्ती नियम को स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। साक्षात्कार होने के बाद कॉलेज प्रबंधन स्तर पर नियम स्वीकृत करने के लिए भेजा गया प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है। आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग में शुरुआती दिनों में एक-दो बाईपास वैकल्पिक व्यवस्था के साथ किए गए। इसके बाद परफ्यूजनिस्ट, फिजिशियन तथा कार्डियक एनेस्थेटिस्ट के पद पर नियमित भर्ती के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काफी कोशिश के बाद नियम बनाया गया था, मगर पूर्ववर्ती सरकार द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती नहीं की जा सकी थी। नई सरकार द्वारा स्वीकृति के बाद दिसंबर में इनका इंटरव्यू हुआ, मगर अब तक भर्ती नहीं हो पाई है। इससे पीड़ित मरीजों पर प्रभाव पड़ने लगा है। दोनों पदों पर विशेषज्ञ मिलने की आस में बाईपास सर्जरी के लिए भर्ती दो मरीजों और डॉक्टरों का इंतजार खत्म नहीं हो पाया है।

## महीनेभर पहले हुआ था छह पदों के लिए साक्षात्कार, नहीं आए थे एनेस्थेटिस्ट

### दर्जनभर का साक्षात्कार

20 दिसंबर को जीएनएम रायपुर में 200 से ज्यादा विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया गया था। इसमें फिजिशियन के 3 पदों के लिए 5 और परफ्यूजनिस्ट के तीन पदों के लिए सात लोग इंटरव्यू में शामिल हुए थे। कार्डियक एनेस्थेटिस्ट के 2 पदों पर किसी ने दावेदारी नहीं की थी। नए साल की शुरुआत के दौरान जल्द ही इन पदों पर नियुक्ति किए जाने के दावे किए गए थे, जिसके इंतजार में 20 दिन से ज्यादा का वक्त बीत चुका है।




### हृदय रोगियों के लिए एकमात्र ठिकाना

हृदय रोग तथा नसों की समस्या से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए सरकारी स्तर पर आंबेडकर अस्पताल का एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट एकमात्र ठिकाना है। यहां कार्डियोलॉजी विभाग और कार्डियक सर्जरी विभाग का संचालन किया जाता है। दोनों विभागों में कई दुर्लभ तरह की सर्जरी की जाती है, मगर मानव संसाधन सहित अन्य जरूरी सुविधाओं के अभाव में विभाग अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है।

### 30 मरीज के पीछे एक नर्स

यहां ओपन हार्ट सर्जरी शुरू हो चुकी है, मगर मानव संसाधन का अभाव निजी अस्पतालों से टक्कर लेने में रोड़ा बना हुआ है। नियम के मुताबिक, कार्डियक सर्जरी विभाग में एक मरीज के पीछे एक नर्सिंग स्टाफ होना चाहिए, मगर यहां 30 मरीजों की देखरेख की जिम्मेदारी एक नर्सिंग स्टाफ पर है। नियमित टेक्निशियन नहीं होने की वजह से कई बार मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी भी अगली तारीख पर टालनी पड़ती है।

---

## कविता को सिंधी समाज और संतों का मिला आशीर्वाद

रायपुर। कांग्रेस पार्टी से पूर्व पार्षद और सदस्य अपील समिति रहीं कविता ग्वालानी महापौर का टिकट मांग रही हैं। सिंधी समाज ने उन्हें टिकट मिलने पर पूरा सहयोग देने की बात कही। शदाणी दरबार के संत उदय लाल, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, सिंधी महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के संरक्षक अमर पारवानी, महेश रोहरा ने कविता ग्वालानी को महापौर का टिकट मिलने पर समाज का पूर्ण आशीर्वाद बनाए रखने एवं सहयोग देने की बात कही।

## निधन

### राजेंद्र शेष

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल के भूतपूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र रामकृष्ण शेष (69) का 24 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जनवरी को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा। वे प्रकाश, प्रदीप व श्याम शेष के भाई थे। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में अध्यक्ष अजय काले के साथ कार्यकारिणी सदस्यों व सभासदों ने उन्हें मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### कमल यदु

रायपुर। कांकेर के शासकीय व्यायाम शिक्षक, महामाई पारा पुरानी बस्ती निवासी कमल यदु (60) का 24 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे आदित्य और नवादित्य यदु के पिता थे।



### खोमराम चंद्रवंशी

रायपुर। कृष्णसखा सोसाइटी रोहिणीपुरम डीडीनगर निवासी खोमराम चंद्रवंशी (82) का 24 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 जनवरी को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आशु चंद्रवंशी, आशीष चंद्रवंशी के पिता थे।



### गोपालदास डागा

रायपुर। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी गोपालदास डागा (69) का 24 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जनवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे आकाश डागा के पिता, नंदकिशोर, कमल किशोर के बड़े भाई एवं आरव डागा के दादाजी थे।



---

आचार संहिता के कारण फैसला

## पटवारियों की हड़ताल फिलहाल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के पटवारियों ने अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है। पटवारी संघ के अनुसार, आचार संहिता और आम जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन कामों के बहिष्कार को स्थगित किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हड़ताल फिलहाल केवल स्थगित की गई है। इसे पूर्ण रूप से समाप्त नहीं किया गया है। राजस्व पटवारी संघ ने पत्र जारी करते हुए ऑनलाइन कार्य के बहिष्कार को स्थगित करने की घोषणा की है। इसके अलावा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव को पत्र लिखकर इसकी जानकारी भी दी है। प्रदेशभर के पटवारियों के हड़ताल में जाने से नक्शा, बटांकन अप्रूवल, फसल कटाई प्रयोग, कृषि संगणना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, गिरदावरी, जियो रिफ्रेशिंग सहित कई तरह के कार्य बीते एक माह से भी अधिक समय से बंद पड़े हैं। हड़ताल स्थगित किए जाने के बाद अब काम में तेजी की उम्मीद है।

### 10 हजार से अधिक मामले पेंडिंग

प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने कहा कि कहा, आचार संहिता और जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए यह फैसला किया गया है। पटवारियों के हड़ताल के कारण अकेले रायपुर जिले में ही राजस्व से संबंधित करीब 10 हजार से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं। मुख्य सचिव सुबोध सिंह से चर्चा के बाद 39 दिनों से चल रही हड़ताल स्थगित की गई है। सूत्रों के अनुसार, पटवारियों की समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वासन उन्हें दिलाया गया है। अगले कार्यालयीन दिवस से सभी कार्य नियमतः संचालित होंगे। चूंकि 39 दिनों तक राजस्व संबंधित कार्य नहीं हो सके हैं, ऐसे में कार्य का ओवरलोड होने की आशंका है।

---

चार मयखानों को पार्सल में शराब देने के आरोप में निलंबित किया गया

## ज्यादा कमाई करने मयखानों में दूसरे राज्य की शराब बिक्री, छह बार के लाइसेंस सस्पेंड







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ज्यादा कमाई के लालच में दूसरे राज्य से शराब बेचने के आरोप में दो बार सहित पार्सल सुविधा उपलब्ध कराने के आरोप में आधा दर्जन बार के लाइसेंस निलंबित करने की आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है। दूसरे राज्य की शराब परोसने वाले बार के लाइसेंस को एक सप्ताह तथा पार्सल उपलब्ध कराने वाले बार के लाइसेंस को दो दिन के लिए निलंबित किया गया है।

जिला आबकारी विभाग ने जिन दो बार के लाइसेंस एक सप्ताह के लिए निलंबित किया है, उन मयखाना के नाम शेमरॉक ग्लोबल तथा वीआईपी रोड स्थित मिलानो फूड रेस्टोरेंट एंड कंपनी है। आबकारी विभाग की उड़नदस्ता टीम ने शेमरॉक में पांच जनवरी को तथा मिलानों फूड रेस्टोरेंट में 12 जनवरी को छापे की कार्रवाई की थी। उड़नदस्ता ने दोनों बार में दबिश देकर 15.6 लीटर हरियाणा ब्रांड नान ड्यूटी शराब जब्त की थी। नान ड्यूटी शराब जब्ती के बाद आबकारी विभाग ने दोनों बार संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर दोनों बार के लाइसेंस को 30 जनवरी तक के लिए निलंबित किया गया है।

### इन बार में पार्सल सुविधा

बार में शराब का पार्सल देने पूरी तरह से प्रतिबंध है। बावजूद इसके वीआईपी रोड स्थित ग्रैंड निलम, मेट्रो, योगी तथा शालू बार में ग्राहकों को पार्सल सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। इस वजह से इन चारों बार के लाइसेंस 24 तथा 25 जनवरी तक के लिए निलंबित किया गया है।

---

डिप्टी सीएम शर्मा के आवास पहुंचे

## गौ तस्करी के विरोध में पदयात्रा करेंगे आचार्य धीरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में गौमांस तस्करी को लेकर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वे गौ-तस्करी के विरोध में जल्द ही पदयात्रा करेंगे। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर आए पं. धीरेंद्र शास्त्री शुक्रवार देर रात उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास पहुंचे। यहां चर्चा में उन्होंने ये बातें कहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक स्वागत के लिए उपमुख्यमंत्री निवास में एकत्र रहे। नक्सलवाद सहित कई अन्य मुद्दों पर भी उन्होंने चर्चा की। जीवन मंत्र समझाते हुए अपने भक्तों से कहा कि जो भक्ति में डूबा हुआ है, वही सुखी है।



### नक्सल विहीन हो रहा है बस्तर

इसके आगे उन्होंने कहा, अपना बस्तर नक्सल प्रभावित क्षेत्र नक्सलियों से विहीन हो रहा है। बस्तर में भारत का तिरंगा लहराया जा रहा है। बहुत ही जल्दी ऐसा समय आएगा कि छत्तीसगढ़ रूपी चांद में दाग रूपी जो नक्सलवाद है, वह भी जल्द मिट जाएगा। बहुत जल्दी बस्तर में भी हम पदयात्रा करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री के पुरुषार्थ से छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का प्रयास हो रहा है। अन्य चर्चा करते हुए कहा, एक दुकान है 'ठग्गू के लड्डू'। उसका स्लोगन है- ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको हमने ठगा नहीं। हम उसका प्रचार नहीं कर रहे। हम वहां से एक बात उठाना चाहते हैं कि दुनिया में ऐसा कोई आदमी नहीं है, जो समस्या से पीड़ित न हो और ऐसी कोई समस्या नहीं, जिसका कोई समाधान न हो।

---


उड़ान कम, फेयर में थोड़ी बढ़ोतरी

## सोमवार से ट्रेक पर लौटेगी दिल्ली की सभी फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अभी रायपुर-दिल्ली के बीच चार फ्लाइट का ही संचालन हो पा रहा
- सुरक्षा के मद्देनजर 19 जनवरी से दो विमान संचालन में कटौती

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर पिछले पांच दिन ने संचालित नहीं हो रही इंडिगो और एयर इंडिया की दिल्ली की एक-एक फ्लाइट सोमवार से लौटेगी। अभी रायपुर-दिल्ली के बीच चार फ्लाइट का ही संचालन हो पा रहा है। 26 जनवरी को होने वाले मुख्य समारोह की वजह से दिल्ली की हवाई सीमा को सुबह 10.30 से 12.45 तक सील किया जाता है। दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच नियमित रूप से छह फ्लाइट का संचालन होता है। इसमें इंडिगो की चार और एयर इंडिया की एक फ्लाइट है। सबसे ज्यादा उड़ान का संचालन होने के बाद भी यात्री अधिक होने की वजह से सामान्य से अधिक होता है। दिल्ली में सप्ताहभर से गणतंत्र दिवस पर होने वाले मुख्य आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। इसकी वजह से वहां 19 जनवरी से 26 जनवरी तक सुबह के सवा दो घंटे दिल्ली में यात्री विमानों की आवाजाही नहीं की जा रही है। इस अवधि में रायपुर से इंडिगो की एक और एयर इंडिया की एक फ्लाइट संचालित होती है, जिसे स्थगित किया गया है। दो उड़ान कम होने की वजह से फ्लाइट के फेयर भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार सोमवार से दोनों फ्लाइट वापस ट्रेक पर लौटेगी और दिल्ली-रायपुर के बीच आवाजाही के लिए यात्रियों के पास दो एयरलाइंस कंपनी और चार उड़ान का विकल्प होगा।



## केदार बोले- विकास विरोधी है कांग्रेस

रायपुर। भाजपा के प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा, कांग्रेस हमेशा चाहती है कि जनता गरीब बनी रहे ताकि उसका वोट बैंक सुरक्षित रहे। वह गरीबी हटाओ का नारा पचास वर्ष तक चलाती रही। वह उद्योग-धंधों के खिलाफ और नक्सलियों के पक्ष में है, इसलिए यह चिंता जता रही है कि नक्सल समाप्त होने पर उद्योग धंधे आएंगे। कांग्रेस कुल मिलाकर विकास विरोधी है।

श्री गुप्ता ने कहा, लगातार नक्सलियों का खात्मा हो रहा है। 250 से अधिक नक्सली मारे गए हैं। अधिकतर की सूची जारी की है नक्सलियों ने, दो हजार से अधिक नक्सली गिरफ्तार,आत्मसमर्पित हुए हैं, लेकिन कांग्रेस के भूपेश बघेल इसे फर्जी बताते हैं, चरण दास महंत को चिंता है कि उद्योग आ जाएंगे। स्व सहायता समूह की 22 हजार से अधिक महिलाओं का हक छीन कर कांग्रेस ने उनको सड़क पर ला दिया था। अब भाजपा सरकार उसकी भी बहाली कर रही है। छः ज़िलों में यह शुरू भी हो गया है। अन्य में भी जल्दी होगा। कांग्रेस द्वारा उजाड़े गए 22 हजार परिवार भी बसेंगे, बच्चों को फिर से गर्म भोजन भी मिलेगा। कांग्रेस ने कमीशन के चक्कर में तबाह कर दिया था।

॥ जय श्रीराम ॥ ॥ जय शदाराम ॥ ॥ जय झुलेलाल ॥

पगड़ी रस्म



स्व .श्रीमती प्रिया चावला जी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती प्रिया चावला का निधन दिनांक 23/01/2025 को हो गया है. जिनकी पगड़ी रस्म दिनांक 25/01/2025, शनिवार को शाम 5 से 5:30 बजे मंगल भवन, पूज्य शदाणी दरबार, रायपुर में रखी गई है.

नोट : महिलाओं की बैठक भी इसी स्थान में रखी गई है.

मो. नं.— 8965004455, 9926271919

फर्म :-
. जय शदाणी इंडस्ट्रीज, उरला
. जय शदाणी रोलिंग शटर
. शहनाई गार्डन
. ईशान इंफ्रास्ट्रक्चर
. जय शदाणी बिल्डकॉन

शोकाकुल
बलदेव चावला (पति), अशोक, दीवान (जेठ),
श्याम चावला (देवर), सुमीत, अमित, वशिष्ठ, शदाणी, श्रेष्ठ,
महावीर, सविनय चावला (भतीजे),
मांडवी, पार्वती चावला (पुत्री),
मनोज चेलवानी, जय चेलवानी (नागपुर) (भाई),
सुनील जसवानी (दुर्ग), अजय वरन्दानी (सतना),
सचिन खत्री (दिल्ली) (दामाद) एवं शदाणी सेवा मण्डल.
समस्त चावला परिवार, रिश्तेदार एवं मित्रगण

निवास : संत शदाणी नगर, बोरियाकला, रायपुर, छ.ग.

सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाएं हम — बढ़ते कदम

---

## पेज 13 के शेष

### एमबीए की डिग्री...

सकते हैं और कौन नहीं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए विषय-विशेषज्ञों की कमेटी गठित की गई थी। कमेटी द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर यह परिवर्तन किया गया है।

### ऑनलाइन ठगी का...

मनी पार्किंग के रूप में इस्तेमाल करते थे। साइबर अपराधियों ने दलालों के माध्यम से म्यूल अकाउंट खुलवाने का काम किया है।

छद्म रूप में नाइजीरियन देश में सक्रिय - रेंज पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नाइजीरियन गैंग से जुड़े लोग देश के अलग-अलग राज्यों में ठिकाना बनाकर ठगी करने छद्म रूप में सक्रिय हैं। इसके लिए नाइजीरियन गैंग के जालसाज छत्तीसगढ़ में स्टूडेंट वीजा लेकर दिल्ली में बैठे अपने साइबर फ्रॉड के साथियों की मदद कर रहे हैं।

कोर्ट में देर रात तक चली सुनवाई - म्यूल अकाउंट के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने जिन 68 लोगों को गिरफ्तार किया है, उन सभी को जेल भेजने पुलिस ने दो हजार पन्नों से ज्यादा का रिमांड दस्तावेज तैयार किया है। सीजेएम गिरीश मंडावी की कोर्ट में आरोपियों को जेल भेजने देर रात तक सुनवाई हुई। साइकिल में चलने वाला महंगी गाड़ियों में चलने लगा - रेंज साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें संपन्न से निम्न आय वर्ग के लोग शामिल हैं। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार जिन लोगों ने अपने अकाउंट को म्यूल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल किया है, उन लोगों को महीने में एक लाख से पांच लाख रुपए कमीशन के रूप में मिलने की बात सामने आई है। इसके चलते जो पूर्व में साइकिल में चलते थे, वे महंगी दोपहिया गाड़ियों में घूमने लगे। इसके साथ ही कई लोगों ने प्राप्त कमीशन की राशि से घर बनवाने के साथ अपने शौक पूरा करने में खर्च किया है।

ये और छह गिरफ्तार- महासमुंद निवासी सत्यम सेवानी, रायपुर निवासी सौरभ कुमार शर्मा, संगीता मांझी, गोविंद कुमार, यमन बंजारे, तोमेश कौशल।

### नोडल एजेंसी से मिले...


की पहचान की गई। इसके बाद 160 संदिग्ध अकाउंट, जिसके माध्यम से साइबर ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन किया गया, उसकी पहचान की गई। इसके बाद रेंज साइबर पुलिस ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

### परेड अभ्यास के दौरान...

गए। अस्पताल में जवान का सिटी स्कैन समेत अन्य उपचार किया गया। मेडिकल रिपोर्ट में जवान की हालत सामान्य बताई गई है। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक, अभ्यास के दौरान तीसरी बटालियन का जवान घुड़सवारी का अभ्यास करते हुए बैलेंस बिगड़ने की वजह से घोड़े से उछलकर नीचे गिर गया। चोट लगने से जवान कुछ देर के लिए बेहोश हो गया, जिसे उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाने एंबुलेंस में चढ़ाया जा रहा था। इस दौरान जवान को होश आ गया और वह उठकर बैठ गया। जवान को किसी तरह की अंदरूनी चोट न लगी हो, इसका ध्यान में रखते हुए उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मेडिकल रिपोर्ट नार्मल बताई गई। घोड़े से गिरने की वजह से जवान के गाल तथा कंधे के पास चोट लगी है। जवान को जिस एंबुलेंस में उपचार के लिए ले जाया गया, वह एंबुलेंस वीआईपी इंट्रेंस गेट के पास खड़ी थी। गेट का दरवाजा बंद होने की वजह से ड्राइवर एंबुलेंस को घुमाकर दूसरी तरफ के गेट से मैदान के अंदर दाखिल हुआ। इसके बाद आनन-फानन में जवान को स्ट्रेचर की मदद से एंबुलेंस में चढ़ाया गया।

खबर संक्षेप

## अभिनेता आमिर खान के कार्यक्रम का विरोध



**रायपुर।** रामा वर्ल्ड विधानसभा रोड रायपुर में 28 जनवरी को होने वाले आमिर खान के कार्यक्रम का नमों नमो प्रदेश संगठन द्वारा विरोध किया जा रहा है। आमिर खान का कहना है कि मैं और मेरा परिवार इस देश (भारत) में सुरक्षित नहीं हैं, यह बहुत ही निंदनीय कथन है। संगठन का कहना है कि जब वह और उनका परिवार देश में सुरक्षित नहीं है, तो भगवान श्रीरामजी के माता कौशल्यादेवी की पावन धरा पर आकर कैसे सुरक्षित रहेंगे। आमिर खान के आने से माता कौशल्या देवी की पावन धरा को प्रदूषित करेंगे तथा छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता का अपमान करेंगे, यह नमो नमो संगठन को बर्दाश्त नहीं है। नमो नमो संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद अग्र मोदी एवं प्रदेश संगठन के लोग ऐसे कार्यक्रम का विरोध करते हैं एवं संगठन के लोग काली पट्टी लगाकर कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### अब चुनाव आचार संहिता के बाद नियुक्ति की चर्चा

# आचार संहिता में फंसी निगम-मंडल की नियुक्ति, चार दर्जन नाम भेजे थे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने बाद निगम मंडल में नियुक्ति को लेकर संगठन की ओर से कई कवायद की गई। अब तक एक दर्जन निगम मंडल में नियुक्ति की गई है। वहीं दिल्ली भेजे गए करीब चार दर्जन नाम अब नगरीय निकाय चुनाव आचार संहिता लगने के बाद फंस गई है। इन नामों पर अब चुनाव के बाद विचार कर नियुक्तियां की जाएंगी।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ लेने के बाद से संगठन के वरिष्ठ नेताओं के नाम सामने आए थे। इन नामों में से कुछ नामों को हरि झंडी मिलने के बाद समय-समय पर नियुक्ति आदेश जारी किए गए। एक साल के कार्यकाल के बाद नियुक्ति को लेकर यह कहा जा रहा था कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के पहले सभी निगम मंडल में नियुक्ति करने करीब 40-50 नाम भेजे गए थे। दिसंबर के बाद से मुख्यमंत्री तीन-चार बार दिल्ली दौरे पर रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुख्यमंत्री की चर्चा के बाद कई नामों पर सहमति बन गई थी। ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि जनवरी माह के अंत तक इसमें नियुक्ति हो जाएगी।



### चुनाव के बाद नियुक्ति


सरकार बनने के बाद कई पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को यह आस बनी थी। प्रदेश के कई निगम मंडल में अब भी नियुक्ति का इंतजार है। पार्टी सूत्रों के अनुसार जिन पदाधिकारियों का नाम भेजा गया है उनमें से अधिकांश पहले निगम मंडल में रह चुके हैं। कुछ नाम ऐसे हैं जिन्होंने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दावेदारी की थी, पर पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। अब उन नामों को निगम मंड़ल में एक्सजेस्ट करने का मन बना लिया गया है।

### कई निगम मंडल में बैठे कांग्रेसी

कांग्रेस सरकार के द्वारा अपने कार्यकाल में कई निगम मंडलों में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की गई थी। इनमें से अधिकांश लोगों ने इस्तीफा दे दिया है। वहीं कई जगहों पर कोर्ट के आदेश पर बैठे हैं। इनमें महिला आयोग की अध्यक्ष, उर्दु अकादमी, अल्पसंख्यक आयोग, सहित कई निगम मंडलों में पुराने पदाधिकारियों ने इस्तीफा नहीं दिया। इनमें कई निगम मंडल संवैधानिक हैं जिनमें कार्यकाल समाप्त होने का इंतजार कर रही हैं।

# शुष्क हवा से रात में लौटेगी ठंड दिन की गर्मी से थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ राजधानी का तापमान 33 डिग्री के करीब

पिछले दो दिन से गर्मी महसूस कर रहे राजधानी के लोगों अगले तीन दिन राहत मिलने की संभावना है। उत्तर की शुष्क हवा के आगमन की वजह से रात में भी ठंड की वापसी होने का अनुमान है। अभी रायपुर में जनवरी के अंतिम सप्ताह में 33 डिग्री की गर्मी पड़ रही है और दुर्ग से ज्यादा तापमान झेल रहा है।

जनवरी के तीसरे सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी था। फेरबदल रात के मौसम में ही हो रहा था। पिछले दो दिन में अधिकतम तापमान में तेजी वृद्धि हुई और दिन में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी अधिकतम तापमान ऊपर की ओर चढ़ा जिससे बेचैनी महसूस होने लगी। दिन के साथ रात के तापमान भी सामान्य से अधिक है जिसकी वजह से लोगों ने गर्म कपड़े से दूरी बना ली है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले चौबीस घंटे में तो बड़ा बदलाव नहीं होगा मगर 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस की सुबह से न्यूनतम तापमान में गिरावट महसूस होगी और ठंड लौटेगी। शुष्क हवा के प्रभाव से दिन का तापमान भी कम होगा जिससे बेचैनी भरी गर्मी से राहत मिलेगी। अनुमान है कि बदलाव का असर 26 से 27 जनवरी तक रहेगा और 28 को मौसम स्थिर रहने के बाद पुनः तापमान चढ़ेगा। शुष्क हवा के असर से 26 से 27 जनवरी के बीच न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री की कमी आएगी जिससे स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

### जनवरी का अधिकतम तापमान

| वर्ष | डिग्री सेल्सियस |
|---|---|
| 2015 | 30.8 |
| 2016 | 33.5 |
| 2017 | 31.1 |
| 2018 | 31.2 |
| 2019 | 31.0 |
| 2020 | 30.7 |
| 2021 | 33.0 |
| 2022 | 30.2 |
| 2023 | 33.0 |
| 2024 | 30.7 |
| 2025 | 33.8 (24 जनवरी) |

# कांग्रेस में बैठकों का दौर पर्यवेक्षकों की सूची से नाम छांटे, वार्डों में भी पैनल



■ राजीव भवन में दिनभर चली बैठकें

■ प्रदेश प्रभारी की बैठक में होंगे नाम तय

**रायपुर।** राज्य में नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस में शुक्रवार को दिन भर बैठकों का दौर चला इस दौरान मेयर और वार्डों के दावेदारों के नामों पर विचार किया गया। बताया गया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पर्यवेक्षकों और प्रभारियों से मेयर पद के दावेदारों की सूची ली। इसके बाद इन सूचियों से भी नाम छांटे गए हैं। इसी क्रम में वार्डों के लिए सिंगल नाम और पैनल बनाए जाने की जानकारी मिली है।

बताया गया है कि राजीव भवन में शुक्रवार को चुनाव संबंधी मैराथन बैठकों का दौर चला है। मेयर पद के दावेदारों की सूची प्रदेश अध्यक्ष ने पर्यवेक्षकों से हासिल की। इस बैठक में पर्यवेक्षकों के साथ चुनाव प्रभारी भी शामिल थे। बताया गया है कि बड़ी संख्या में दावेदारों के नाम होने की स्थिति में जीतने की क्षमता रखने वाले दावेदारों के नाम अलग कर बाकी नाम काट दिए गए हैं। इसी तरह वार्डों के प्रत्याशियों के संबंध में हुई बैठक में 25- से 30 वार्डों में सिंगल नाम तय किए गए हैं। बाकी वार्डों में जहां दावेदारों की संख्या अधिक थी वहां पैनल बनाए गए हैं। बताया गया है कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में होने वाली बैठक में इन नामों में से प्रत्याशियों के नाम तय किए जाएंगे।

# 26 जनवरी को 'स्वतंत्रता दिवस' मनाएगा पत्रकारिता विवि!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि का एक आदेश पत्र सोशल साइट्स पर जमकर वायरल हो रहा है। इस पत्र में 26 जनवरी को होने वाले आयोजनों का जिक्र करते हुए प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को विभिन्न कार्य वितरित किए गए हैं, लेकिन कार्य वितरण संबंधित जारी इस आदेश में कहा गया है कि 26 जनवरी स्वतंत्रता दिवस 'राष्ट्रीय पर्व' के उपलक्ष्य में कुलपति बलदेव भाई शर्मा प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके आधे घंटे पूर्व सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों-कर्मचारियों और छात्रों को उपस्थित होने कहा गया है। पत्रकारिता विवि में विद्यार्थियों को भाषा ज्ञान भी दिया जाता है, ताकि वे संवाद का उचित तरीका समझ सकें। छात्रों को ज्ञान देने वालों से ही राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में हुई यह त्रुटि पत्रकारिता विवि की छवि को धूमिल कर रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हॉट्सऐप सहित अन्य सोशल साइट्स पर भी इसे टिप्पणियों के साथ शेयर किया जा रहा है।



■ ड्यूटी निर्धारण संबंधित आदेश सोशल साइट्स पर वायरल

■ छात्रों को भाषा ज्ञान देने वाला विवि ही कर बैठा राष्ट्रीय पर्व पर गलती

### 3 मार्च को समाप्त होगा कुलपति का कार्यकाल

वर्तमान कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल 3 मार्च को समाप्त हो रहा है। इसके पश्चात विवि को नया कुलपति मिल जाएगा। कुलपति चयन संबंधित कार्यों के लिए कमेटी बना दी गई है। अब कुलपति योग्यता संबंधित शर्तों सहित अन्य चीजों के निधार्रण पश्चात विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। सामान्यतः कुलपति के कार्यकाल समाप्त होने के 6 माह पूर्व ही विज्ञापन जारी कर चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाती है, लेकिन इस बार इस प्रक्रिया में विलंब हो गया है। मौजूदा हालातों को देखते हुए यहां नए कुलपति निर्धारित वक्त तक नहीं मिलने पर 3 मार्च के बाद कुलपति का पद रिक्त रह जाने की आशंका है।



### बारिश में बस्तियों में भर जाता है पानी, एक कमरे के घर में किराया 10 से 15 हजार!

# वीरांगनाएं चाह रहीं हुड़दंगी-शराबियों से मुक्ति, नालियां गायब, सड़क पर गंदगी भी

**वार्ड नंबर 6**
**वीरांगना अवंतिबाई**

बस्तियों में शौचालय-नाली नहीं, मच्छर से हलाकान लोग, पिछले चुनाव में रिकाउंटिंग के बाद सिर्फ एक वोट से जीती थी कांग्रेस

**मतदाता संख्या : 14 हजार 500**
क्षेत्र : त्रिमूर्ति नगर, वाल्मीकि नगर, घासपारा, रेलवे बस्ती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वार्ड क्रमांक 6 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र त्रिमूर्ति नगर, वाल्मिकी नगर, घासपारा और रेलवे बस्ती वैसे तो टिंबर मार्केट से कुछ ही दूरी पर है, जहां कई तरह की व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होती हैं, लेकिन यहां के हालात बहुत अच्छे नहीं हैं। हरिभूमि की टीम जब यहां लोगों के बीच पहुंची तो कई चीजों को लेकर नाराजगी देखने को मिली। इस वार्ड के अंतर्गत आने वाली बस्तियों में नाली अब तक नहीं बन पाई है। सड़क पर ही निस्तारी का पानी बहता रहता है। शौचालय नहीं होने के कारण उन्हें रेल की पटरियों पर जाना पड़ता है। यह वार्ड पिछले चुनाव में खासा चर्चा का केंद्र रहा था। इसके पीछे वजह यह है कि यहां की वर्तमान पार्षद अंजनी विभार मात्र एक वोट से जीती थी। उन्होंने यह जीत रिकाउंटिंग के बाद दर्ज की थी। इस वार्ड में पिछले चुनाव में 12 हजार मतदाता थे। नए नाम जुड़ने और परिसीमन पश्चात यहां मतदाताओं की संख्या लगभग 14 हजार 500 हो गई है।



#### शराबियों से हलाकान

यहां के रहवासी शराबियों से भी हलाकान हो गए हैं। गंभीर अड्डेबाजी की स्थिति यहां नहीं है, लेकिन क्षेत्र के ही कई शराबी प्रतिदिन शराब के नशे में हुड़दंग करते हुए मिल जाते हैं। नियमित पुलिस पेट्रोलिंग यहां की महिलाएं चाहती हैं ताकि उन्हें इस समस्या से मुक्ति मिल सके। बस्ती में घुम रहे कुछ बच्चों ने खेलकूद के लिए गार्डन बनाए जाने की भी इच्छा जाहिर की।

#### बिजली बिल से हलाकान

वार्ड की निलेंद्री कुमार बताती हैं, उनकी मां रेलवे पटरी के पार बस्ती में रहती हैं। एक छोटेसे घर का मासिक किराया 10 से 15 हजार कैसे आएगा, यह ही समझ



नहीं आता है। अन्य कई घरों में भी इस तरह की स्थिति है। अपनी शिकायत लेकर वे कई बार अधिकारियों से मिल भी चुके हैं, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका। नए पार्षद से उन्हें उम्मीद है कि वे इसका हल निकालेंगे। इसके बारिश के वक्त भरने वाले पानी और मच्छर की समस्या से भी निदान की उम्मीद जताई।



#### पुरानी कई समस्याएं यथावत



पार्टियों ने अपने पत्ते फिलहाल नहीं खोले हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही इस वार्ड के लिए अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से जो तीन नामों का पैनल बनाया गया है, उनमें वर्तमान पार्षद अंजनी विभार के पति राधेश्याम विभार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय सोनी और माधव चुड़ा के नाम हैं। इनमें से संजय सोनी का कहना है कि वार्ड में कई समस्याएं सदियों से यथावत है। उन्हें दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

#### अब भी शौचालय की पर्याप्त सुविधा नहीं



यहां की बस्ती में रहने वाली अनिता तांडी ने बताया, उन्हें यहां रहते हुए 12 साल हो गए हैं। इस दौरान कई पार्षद आए और गए, लेकिन कोई भी उन्हें नाली और शौचालय जैसी बेसिक सुविधा भी नहीं दे सका। महिलाओं को भी शौच करने खुले क्षेत्र में जाना पड़ता है। यहां एक सार्वजनिक शैचालय तो है, लेकिन रात्रि में वहां ताला जड़ दिया जाता है। बारिश के मौसम में और कड़कड़ाती सर्दियों में रात में घर से दूर जाना तकलीफदेह होता है। इसके अलावा नाली निर्माण नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क में ही फैला रहता है। बच्चे इसमें ही खेलते रहते हैं, जिससे उनके बीमार होने की आशंका बनी रहती है।

### लोगों ने कहा-10 वर्ष में जो विकास कार्य हुए, वे अब समस्या बन चुके

# श्मशान में भी चैन नहीं, लावारिस हुआ कम्यूनिटी हॉल, उजाड़ दिख रहे तालाब

**वार्ड नंबर 9**
**मोतीलाल नेहरू वार्ड**



| | |
|---|---|
| कुल मतदाता की संख्या | 15901 |
| पुरुष मतदाता | 8065 |
| महिला मतदाता | 7833 |
| थर्ड जेंडर | 03 |
| कुल मतदाता | 15901 |
| पिछले चुनाव में मतदाता की कुल संख्या | 14925 |
| इस बार बढ़े मतदाता की संख्या | 976 |
| वार्ड में मोहल्लों की संख्या | 30 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर के मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक-8 परिसीमन के बाद वार्ड क्रमांक 9 हो गया है। इस वार्ड को पंचायती राज से निगम में शामिल हुए 10 वर्ष हो गए हैं, लेकिन समस्याएं अब भी हैं। हरिभूमि की टीम ने गुरुवार को इस वार्ड में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों के साथ समस्याओं की पड़ताल की। इसमें पता चला कि पिछले दस वर्षों में इस वार्ड में जितने विकास कार्य हुए हैं, जैसे सब्जी बाजार शेड का निर्माण, सामुदायिक भवन, एक तालाब का सौंदर्यीकरण का काम भी हुआ था, ये सभी अब समस्या का कारण बन चुके हैं। इनमें सब्जी बाजार शेड में लाइट नहीं लगाने से दिन ढलने के बाद इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है, वहीं करोड़ों रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन को बनने के बाद लावारिस छोड़ दिया गया है, जिसके कारण भवन जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो रहा है। करीब 16 हजार मतदाता वाले वार्ड में एक ही श्मशान घाट है। इसका भी सौंदर्यीकरण नहीं हो पाया है। वार्ड में सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। इस तरह इस वार्ड में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। इधर स्थानीय लोगों का भी यही कहना है कि निगम में शामिल होने के बाद उनके वार्ड में जो विकास कार्य हुए हैं, वे अब समस्या का रूप ले चुके हैं।





#### सामुदायिक भवन बना, पर उपयोग कभी नहीं हुआ





वार्ड के मेन रोड पर पार्षद ने सामुदायिक भवन का निर्माण कराया है। सब्जी बाजार शेड के पास रहवासी पूरन पटेल ने बताया कि एक करोड़ से अधिक की लागत से बने सामुदायिक भवन को बनने के बाद इसका उपयोग ही नहीं हो पाया है। पार्षद की पहल पर सालों पहले बने इस भवन का निर्माण हुआ था, लेकिन इसका उपयोग नहीं हो रहा है। इस भवन में निगम का एक सफाई कर्मी लखन साहू मिला। उसने बताया कि भवन का कोई प्रभारी कोई नहीं है। इसे लावारिस छोड़ दिया गया है, इसलिए इसका मेंटनेंस भी नहीं हो रहा है, जिससे भवन जर्जर होकर खंडहर में बदलता जा रहा है। सफाई कर्मचारी ने बताया कि भवन सफाई कर्मचारियों की सफाई की सामग्री रखने के काम आता है। पिछले कई महीने से भवन से ही सफाई सामग्री रखते आ रहे हैं।

#### सब्जी बाजार शेड में लाइट नहीं इसलिए दुकानें भी नहीं लगतीं



नंदी चौक निवासी बिहारी साहू ने बताया कि मठपारा बाजार चौक में चिल्हर सब्जी विक्रेताओं के लिए शेड बनाया गया है। करीब एक करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए शेड में लाइटिंग की व्यवस्था ही नहीं की गई है। इस कारण सब्जी विक्रेता दिन में ही सब्जी बेच पाते हैं, जबकि अंधेरा होते ही यहां सब्जी दुकानों की जगह असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है।

#### श्मशानघाट में जलभराव सबसे बड़ी समस्या



अटल चौक निवासी भुनेश्वर साहू ने बताया कि वार्ड में सबसे बड़ी समस्या श्मशान घाट की है। श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए चबुतरा तो बना दिया है, लेकिन इसका सौंदर्यीकरण नहीं किया गया है और न ही यहां पेयजल, शौचालय, बिजली, कमरा जैसी सुविधाएं दी गई है। श्मशान घाट के पास तालाब है। बारिश के सीजन में तालाब उफान में आ जाता है, जिससे श्मशान घाट का पूरा परिसर में जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है।

---

### अमर अग्रवाल बोले-शहर विकास को समर्पित होगा भाजपा का घोषणा पत्र



**रायपुर।** प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में नगरीय निकाय चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक हुई। इसमें प्रमुख रूप से भाजपा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, सह संयोजक-विधायक सुनील सोनी उपस्थित थे। बैठक में घोषणा पत्र समिति के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और समिति के सदस्यों से सुझाव लिए गए। समिति के संयोजक पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल ने कहा, नगर निगमों के समग्र विकास का हमारा घोषणा पत्र महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा। हमारी जीत नगरीय निकाय चुनाव में विशाल होगी। इसे ध्यान में रखते हुए यह घोषणा पत्र तैयार किया जा रहा है, जो शहरों के विकास के स्वरूप को समर्पित होगा। बैठक में पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, चन्द्रशेखर साहू, विधायक नीलकंठ टेकाम, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, प्रवक्ता दीपक म्हस्के, शशांक शर्मा, पूर्व महापौर सफीरा साहू, अंबिका यदु, उज्जवल दीपक, हेमंत पाणिग्रही शामिल थे।

### बैज बोले- भाजपा सरकार एक साल में विफल

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार एक साल में विफल साबित हो गई। राज्य में



भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। भाजपा सरकार के कुशासन से जनता परेशान है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गई। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गई। गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गई। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गई, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गई। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं बढ़ गई। सरकार ने एक साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाई। रोज नक्सली हत्याएं कर रहे।

## पहले दिन रायपुर नगर निगम के लिए एक ने किया नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण नगर निगम, नगर पालिका तथा नगर पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने पहले दिन रायपुर नगर निगम मेयर के लिए एक प्रत्याशी सहित 94 लोगों ने नामंकन दाखिल किया है। नामंकन दाखिल के पहले दिन होने की वजह से कलेक्टोरेट में ज्यादा भीड़ नहीं रही। सोमवार से नामांकन दाखिल करने वालों की भीड़ होने की संभावना है।




- प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं करने से नामांकन में उत्साह नहीं

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक रायपुर नगर निगम में मेयर पद के लिए पहले दिन एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। इसी तरह जिले के अलग-अलग नगरीय निकाय के लिए आठ प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है। इसी तरह से पार्षद के लिए पहले दिन 85 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य की प्रमुख राजनीतिक दलों ने अभी तक अपने प्रत्याशियों के नाम का एलान नहीं किया है। इस वजह से नामांकन की रफ्तार धीमी रही। प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होने के बाद नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या में वृद्धि होगी।

# सपना मेरा टूट गया... वो बदकिस्मत नेता, जिनको महापौर प्रत्याशी बनने का कभी मौका ही नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम का महापौर बनने का सपना भाजपा और कांग्रेस के कई नेताओं ने देखा, लेकिन इनका सपना कभी पूरा नहीं हो सका है। ये वो बदकिस्मत नेता हैं, जिनको कभी टिकट नसीब ही नहीं हुआ। इस बार भी भाजपा-कांग्रेस में एक दर्जन से ज्यादा नेता उम्मीद से थे कि उनके सपनों को पंख लग पाएंगे, लेकिन वाह री किस्मत.. इस बार राजधानी का महापौर पद महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया और इनका सपना एक बार फिर टूट गया। अब पांच साल तक का लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इसके बाद भी इनके हाथ टिकट लगेगा या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है। राजधानी का निगम अब तक भाजपा नेताओं के लिए अच्छा नहीं रहा है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद यहां के एकमात्र भाजपा नेता सुनील सोनी ही महापौर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए निगम अच्छा साबित हुआ है। कांग्रेस के तीन नेताओं को महापौर बनने का मौका मिला है। पहले किरणमयी नायक, उनके बाद प्रमोद दुबे और फिर एजाज ढेबर महापौर बने। एजाज ढेबर प्रत्यक्ष के स्थान पर अप्रत्यक्ष चुनाव से महापौर बने थे।

#### किस्मत के मारे भाजपा-कांग्रेस के नेता बेचारे



#### वे भाजपा नेता, जिन्हें नहीं मिला मौका

*भाजपा में ऐसे नेताओं की लंबी सूची है, जिनको महापौर प्रत्याशी बनने का मौका नहीं मिला। 2014 के नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के पूर्व महापौर सुनील सोनी, पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी और प्रफुल्ल विश्वकर्मा प्रबल दावेदार थे, लेकिन अचानक भाजपा ने सच्चिदानंद उपासने को चुनाव मैदान में उतार दिया। वे प्रमोद दुबे से हार गए। 2019 के चुनाव में कांग्रेस सरकार ने महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष के स्थान पर अप्रत्यक्ष करा दिया। ऐसे में फिर से भाजपा ने पुराने दावेदारों के साथ ही नए दावेदार राजीव अग्रवाल, सूर्यकांत राठौर, मृत्युंजय दुबे पार्षद चुनाव लड़ने मैदान में उतरे, ताकि जीतकर महापौर के दावेदार बन सके, लेकिन यहां पर भी संजय श्रीवास्तव, सुभाष तिवारी, प्रफुल्ल विश्वकर्मा और राजीव अग्रवाल की किस्मत ने धोखा दे दिया और ये चारों दिग्गज, पार्षद चुनाव हार गए। ऐसे में भाजपा ने मृत्युंजय दुबे को महापौर का प्रत्याशी बनाया था, लेकिन कांग्रेस के एजाज ढेबर ने बाजी मार ली थी। इस बार 2024-2025 के चुनाव के लिए भी भाजपा के पुराने दावेदार सक्रिय थे, लेकिन इसकी किस्मत ने इनको फिर से धोखा दिया और रायपुर नगर निगम महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया।*

#### कांग्रेस के बदकिस्मत नेता

कांग्रेस में भी बदकिस्मत नेताओं की कमी नहीं है। इसमें पहला बड़ा नाम ज्ञानेश शर्मा का है। वे लगातार महापौर प्रत्याशी के लिए दावेदार रहे हैं, लेकिन उनको टिकट नहीं मिल सका। वे विधानसभा चुनाव के लिए भी दावेदार थे, लेकिन टिकट नहीं मिला। सतनाम पनाग लगातार पार्षद का चुनाव जीत रहे हैं, लेकिन उनको महापौर का प्रत्याशी बनने का मौका ही नहीं मिला। अप्रत्यक्ष चुनाव के समय भी उनकी दावेदारी थी, लेकिन उनको टिकट नहीं मिला। इसी के साथ कांग्रेस के नेताओं में अजीत कुकरेजा, घनश्याम राजू तिवारी, श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव का भी नाम है, जिनको महापौर प्रत्याशी बनने का कभी मौका नहीं मिल सका है।

### राजधानी रायपुर के महापौर के लिए एक दर्जन से ज्यादा नाम

# कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में कल तय होंगे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए प्रत्याशी तय करने की कांग्रेस की अंतिम कवायद रविवार को होगी। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट राजीव भवन में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक लेंगे। बैठक में महापौर, पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षद प्रत्याशी तय होंगे। इसके बाद कभी भी नामों का ऐलान किया जाएगा। राजधानी रायपुर के लिए एक दर्जन से ज्यादा दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं।

कांग्रेस में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। राजीव भवन में शुक्रवार को भी प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने जिलों के साथ बैठक करके दावेदारों के नामों पर मंथन किया है। ज्यादातर स्थानों से प्रत्याशियों का पैनल तय हो गया है।

## आएंगे सचिन पायलट



#### सचिन पायलट लेंगे बैठक

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रविवार को रायपुर पहुंचेंगे। यहां वे प्रदेश चुनाव समिति की बैठक लेंगे। चुनाव समिति की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, शिव डहरिया समेत समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे।

### रायपुर मेयर के लिए एक दर्जन से ज्यादा दावेदार



*राजधानी रायपुर में महापौर की सीट महिला के लिए आरक्षित की गई है। ऐसे में जहां यहां से पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने अपनी पत्नियों के नाम से दावेदारी की है, वहीं कुछ पार्षदों ने भी अपनी पत्नियों के नाम से दावेदारी की है। इसी के साथ थोक में कांग्रेस की महिला नेत्रियों ने भी दावेदारी की है। कुल मिलाकर एक दर्जन से ज्यादा नाम दावेदारों के हैं। अब इनमें से किसी एक का नाम शनिवार को फाइनल हो जाएगा। राजधानी के 70 वार्डों में से दो दर्जन से ज्यादा वार्डों में सिंगल नाम का पैनल भी बन गया है।*

## कलेक्टोरेट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली मतदाता शपथ

#### जिला पंचायत सीईओ ने दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले में मतदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मतदाता शपथ ली गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने कि शपथ दिलाई गई।

हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





## एजूकेशन अपडेट

### सीजीपीएससी ने तारीख बढ़ाई, सिविल जज भर्ती के लिए आवेदन 23 फरवरी तक

**रायपुर।** सिविल जज,जूनियर डिवीजन भर्ती 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इस भर्ती के लिए अब ऐसे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं, जो सिर्फ विधि स्नातक हैं। दरअसल पहले लॉ ग्रेजुएट होने के साथ ही अधिवक्ता के रूप में नामांकित होना भी जरूरी था। अब इस शर्त को हटा दिया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से इस भर्ती के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है। अब 23 फरवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं। पहले फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 24 जनवरी थी। इस संबंध में सीजीपीएससी की ओर से सूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के परिपालन में यह शर्त हटाई गई है। इसके साथ ही आवेदन की तारीख भी बढ़ाई गई है। कुल 57 पदों पर सिविल जज की भर्ती होगी। इसके लिए 26 दिसंबर 2024 से आवेदन भरे जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 24 जनवरी 2025 थी। भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। आवेदन को लेकर विस्तृत जानकारी सीजीपीएससी की अधिकृत वेबसाइट पर जारी की गई है।

#### मुख्य परीक्षा के सिलेबस में बदलाव नहीं

सिविल जज भर्ती के प्रारंभिक परीक्षा के सिलेबस में इस बार बदलाव किया गया है। इसके अनुसार छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान के अलावा तीन नए कानूनों को शामिल किया गया है। तीन टॉपिक्स हटाए गए हैं। पहले इस परीक्षा में 15 टॉपिक्स से सवाल आते थे, अब 16 से प्रश्न आएंगे। मुख्य परीक्षा के सिलेबस में कोई बदलाव नहीं है। गौरतलब है कि सिविल जज की परीक्षा में पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा सफल हो रही है। यह ट्रेंड पिछले कुछ वर्षों से बना हुआ है।

## पुलिस लाइन स्थित परेड मैदान में गणतंत्र दिवस पर होने वाले आयोजन के लिए फाइनल तैयारी

# फायरिंग-कदमताल-परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल, 142 मिनट में झांकी, शौर्य प्रदर्शन संग महिला बैंड की धूम



'पुलिस लाइन परेड मैदान में सुबह मार्चपास्ट और शौर्य प्रदर्शन के साथ 142 मिनट होने वाले समारोह जैसा ही माहौल बना। इस बीच सुरक्षा बलों के 17 प्लाटूनों के साथ बैंड प्लाटून ने कदमताल मिलाते हुए गणतंत्र दिवस को महोत्सव की तरह सजाने के लिए फाइनल रिहर्सल की। इससे कुछ उसी तरह का माहौल बना, जो 26 जनवरी के मौके पर लोगों को शौर्य का एहसास कराएगा। इसमें झांकियों की श्रृंखला के बीच शौर्य प्रदर्शन के साथ ही महिला बैंड की जुगलबंदी अवसर को खास बनाने वाली है।'

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस पर परेड मैदान में होने वाले मुख्य समारोह में सुबह 9 बजे राज्यपाल रमेन डेका ध्वजारोहण करते हुए संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। इसकी तैयारी को शुक्रवार की सुबह अंतिम रूप भी दिया गया। इस फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में डीजीपी अशोक जुनेजा, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप शामिल हुए। इस बार 17 सुरक्षा बलों की टुकड़ी परेड का हिस्सा बनने वाली है। सभी ने एक साथ मार्चपास्ट करते हुए मिनट टू मिनट आगे बढ़ने वाली श्रृंखला को अंतिम टच दिया। एक समय ऐसा भी आया, जब फायरिंग की आवाज ने जवानों के तेज और शौर्य का एहसास कराया।

### खास लम्हे का कराया एहसास

इसमें सीमा सुरक्षाबल, केंद्रीय रिजर्व सुरक्षाबल, भारत तिब्बत सीमा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल, सशस्त्र सीमा बल, तेलंगाना पुलिस, नगर सेना पुलिस एवं महिला पुलिस, एनसीसी छात्राओं व छात्रों के साथ घुड़सवार बल ने भी अपने करतब दिखाते हुए 15 दिनों से जारी प्रैक्टिस को परखा। वहीं बैंड प्लाटून पुलिस और महिला पाईपर बैंड दल शामिल हुआ। इनका दल 26 जनवरी को 10 मिनट तक प्रस्तुति देने वाला है। देशभक्ति गीतों से सराबोर करने वाले इस प्रैक्टिस को भी देखने के लिए भारी तादाद में लोग पहुंचे थे। इस तरह के माहौल ने समारोह से पहले ही उस खास लम्हे का एहसास कराया।




### 1951 में किया गया पहला आयोजन

शिक्षा एवं इतिहासविद प्रो. रमेंद्रनाथ मिश्र ने आगे बताया कि इस मैदान में जहां अभी हेलीकॉप्टर लैंडिंग की सुविधा दी जाती है। वहां पहले अंग्रेजों के जमाने में शस्त्रागार हुआ करता था। सैनिक इसके आसपास ही रहते और अभ्यास करते थे। आजादी के बाद 1951 में 26 जनवरी को छत्तीसगढ़ कॉलेज सहित स्कूलों के विद्यार्थियों ने पहली बार पुलिस और सेना के जवानों के साथ परेड में भाग लिया। इसके बाद से यह सिलसिला अनवरत जारी है। इस मैदान का नाम क्रांति मैदान करने के लिए शासन से आग्रह किया, जिस पर विचार नहीं किया गया।



### 1951 में पहली बार स्कूल-कॉलेज के युवाओं व जवानों ने लिया भाग

पुलिस लाइन का परेड मैदान वैसे तो हर साल 15 अगस्त और 26 जनवरी के मौके पर सजता-संवरता है, लेकिन कम लोग ही जानते होंगे कि यह मैदान कई कारणों से ऐतिहासिक है। यह पहली ऐसी पुलिस लाइन है, जहां 18 जनवरी 1858 को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहला विद्रोह सैनिक हनुमान सिंह राजपूत ने किया था। इसके बाद अंग्रेजों ने उन्हें हिरासत में लेने के लिए एड़ी-चोटी तक का जोर लगा दिया था। इसके बाद भी सैनिक हनुमान सिंह उनकी पकड़ में नहीं आए। इसके बाद विद्रोह ने ऐसा तूल पकड़ा कि अंग्रेजों को हनुमान सिंह के साथ शामिल 17 सैनिकों को हिरासत में लेने और उन्हें फांसी देते हुए विद्रोह को दबाने का प्रयास करना पड़ा।



### गार्ड ऑफ ऑनर

तेलंगाना पुलिस का प्लाटून विशेष रूप से इस बार शामिल हो रहा है। परेड के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा हैं। उनके मार्गदर्शन में ही इस समारोह को अंतिम रूप दिया जाएगा। रिहर्सल में आकर्षक मार्चपास्ट के बाद पदक अलंकरण समारोह होगा। इसके लिए फाइनल रिहर्सल किया गया। इसमें राज्यपाल के सुरक्षा अधिकारी डीएसपी गिरीश कोरी ने रिहर्सल में राज्यपाल की भूमिका निभाते हुए तैयारियों का जायजा लिया। इस मिनट टू मिनट कार्यक्रम में समारोह की गतिविधियां संचालित की गईं। आकर्षक परेड के साथ सशस्त्र बलों की टुकड़ियों द्वारा रिहर्सल में सलामी दी गई।



## सिटी इवेंट

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी प्लानिंग प्रिपरेशन, प्रैक्टिस के मैथड से करें



**रायपुर।** लगन, मेहनत, अनुशासन एवं आत्मविश्वास व्यक्ति की सफलता का मूलमंत्र होना चाहिए। बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थी अच्छे परिणाम के लिए सही प्लानिंग और समय सूची के आधार पर पढ़ाई करते रहें। तैयारी करते समय सरल प्रश्न से शुरुआत करें, इससे मानसिक रूप से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। सदरबाजार स्थित महावीर भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा आदिश्वर जैन माध्यमिक शाला में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा शामिल हुए।

#### कार्यशाला में दिए पढ़ाई के टिप्स

इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र कोचर ने बताया कि बच्चों के मन में बोर्ड परीक्षा को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अच्छे अंक पाने के लिए समय सूची, दिशा-निर्देश और टिप्स जरूरी हैं, जो सभी विषयों मे मददगार साबित होंगे। नई शिक्षा नीति के अनुसार कक्षा 8वीं के छात्र भी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, ऐसे में बच्चों के साथ माता-पिता भी उनके अच्छे परिणाम को लेकर चिंता में हैं। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष कमल भंसाली, सचिव गुलाब दस्सानी, कमल भंसाली, गुलाब दस्सानी, योगिता शर्मा, दिपाली बर्वे शामिल हुए।

#### पढ़ाई के वक्त ब्रेक भी जरूरी



स्पीकर विजय चोपड़ा ने बताया कि सभी विषयों की तैयारी पीपीपी मैथड के साथ करें। इसमें पहला प्लानिंग, दूसरा प्रिपरेशन और तीसरा प्रैक्टिस शामिल हैं। सभी विषयों को तीन श्रेणियों में बांट ले, जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रश्न, कम अंक और अधिक अंक वाले प्रश्न अलग करें। मॉडल पेपर और ब्लूप्रिंट के अनुसार पढ़ाई करें, जिससे कम समय में भी अच्छी पढ़ाई की जा सकती है। वार्षिक परीक्षा में केवल एक माह का वक्त शेष है, ऐसे में शॉर्टकट न लें। जो प्रश्न जरूरी हैं, उसे अच्छी तरह याद करें। लगातार पढ़ाई करने से लंबे समय तक याद रखने में दिक्कत हो सकती है, ऐसे में 30-40 मिनट पढ़ाई के बाद कुछ देर का ब्रेक ले सकते हैं। इससे माइंड फ्रेश होगा और नींद से बचा जा सकता है।

# बॉलीवुड गीतों से यारी बैंड ने सजाई महफिल, लाइव कंसर्ट में झूमे दर्शक

**रायपुर।** ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन की ओर से साइंस कॉलेज मैदान में लगे ऑटो एक्सपो में यारी बैंड ने अपनी दिलकश आवाज से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। एक्सपो में पहुंचे लोगों ने हिंदी के नए व पुराने गीतों का आनंद लिया। रात्रि 8 बजे से बैंड के वोकलिस्ट सत्यम निगम और योगेश साहू ने शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने बॉलीवुड के पार्श्व गायक अरिजीत सिंह, अतीफ असलम, दर्शन रावल के गानों के साथ बॉलीवुड के अनेक गाने गाए, साथ ही छत्तीसगढ़ी गीत छुनुर छुनुर पैरी बाजे.., प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने बहुत सराहा। रिमिक्स गानों की धुन पर दर्शक भी खुद को रोक नहीं पाए और अपनी जगह पर डांस करने लगे। बता दें कि एक्सपो में वाहन खरीदने में 50% रोड टैक्स में छूट का फायदा लेने छत्तीसगढ़ के सभी शहरों से लोग पहुंच रहे हैं।





### दो घंटे तक नॉनस्टॉप प्रस्तुति

बैड ने रिमिक्स गानों से कार्यक्रम में समा बांधा। दो घंटे तक कलाकारों ने नॉनस्टॉप प्रस्तुति दी, जिसमें युवाओं की मांग पर भी गाना प्रस्तुत किया। लाइव कंसर्ट में वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। वायलिन पर कार्तिक भारद्वाज, गिटार पर मार्टिन फाया, प्यानो पर हर्ष मेश्राम और ड्रम पर दिवेश कुकरेजा ने बखूबी साथ निभाया। लाइव कंसर्ट में दर्शकों ने संगीत का आनंद लिया। यारी बैंड को एक्सपो में अपनी प्रस्तुति देने के लिए अक्षय ठाकुर की भूमिका रही। कार्यक्रम समापन के उपरांत श्रोताओं ने कलाकारों से उनके ऑटोग्राफ भी लिए और उनका उत्साहवर्धन किया।

# एक दिन में रक्तदान से 500 यूनिट एकत्र, सभी वर्गों ने लिया हिस्सा

**रायपुर।** अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के 50वीं वर्षगांठ पर पूरे भारतवर्ष में 75000 यूनिट ब्लड डोनेशन का लक्ष्य रखा था। जिला दवा विक्रेता संघ रायपुर के सचिव लोकेश साहू ने बताया कि देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों के दवा संघ के दवा विक्रेताओं व उनके सहयोगियों ने रक्तदान किया। जिला दवा विक्रेता संघ रायपुर द्वारा रक्तदान शिविर मॉडल ब्लड सेंटर डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में किया गया।



### जरूरतमंद को मिलेगा जीवनदान

*शिविर में जिला दवा विक्रेता संघ रायपुर के पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ फार्मेसी कौंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर, बिरगांव के महापौर व केमिस्ट नंदलाल देवांगन, मॉडल ब्लड सेंटर के अमित कुमार भारद्वाज, डॉ. अविरल मिश्रा ,अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के कार्यकारी सदस्य तोषण कुमार चंद्राकर, गोवर्धन चंद्राकर, परमानंद पटेल, देवेंद्र सोनबेर, अशोक मालू, क्षितिज साहू, दीपक लालवानी, पवन चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू व सदस्य उपस्थित थे।*

रक्तदान करने वाले सदस्यों को अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ, छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर संगठन व मॉडल ब्लड सेंटर द्वारा सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश में 500 यूनिट से ज्यादा रक्तदान हुआ।

## कारीगरों के इकोफ्रेंडली कपड़ों की मांग दुकानों से मॉल तक पहुंची

# जूट अब 'बोरा' नहीं, बन चुका है युवाओं का फैशन

कार्नर न्यूज

**जूट कारीगर तेजी से बदलते फैशन के दौर को देखते हुए अपने उत्पादों में नवाचार शामिल कर रहे हैं। नवाचार में वे ट्रेंडिग फैशन से जुड़े कपड़े, बैग, ज्वेलरी, पेंटिग आदि बना रहे हैं, जो लोगों खूब रास आ रहे हैं। कारीगरों का कहना है कि पहले जूट का मतलब लोग सिर्फ बोरे समझते थे, लेकिन जब से हमने नए-नए प्रयोग करते हुए उत्पाद बनाने शुरू किए, लोगों की धारणा बदलने लग गई।**

**रायपुर।** वहीं जो कारोबार मुश्किल से लाखों में होता था, अब वह करोड़ों में पहुंच रहा है। हरिभूमि ने गुरुवार को जूट कारीगरों से खास बातचीत की। जूट कारीगरों का कहना है कि लोगों को जूट की अहमियत समझ आ रही है। लोग अब जूट के सजावटी उत्पादों से अपना घर सजा रहे हैं। ज्वेलरी को धारण कर रहे हैं। फुटवियर पहन रहे हैं। यहां तक की लोग जूट की कोटी, कुर्ते आदि कपड़े पहन रहे हैं। उनका कहना कि अब तो बड़े-बड़े मॉल्स में जूट के उत्पाद बिकने शुरू हो गए हैं। राष्ट्रीय पटसन बोर्ड भी जूट कारीगरों के लिए देशभर में मंच प्रदान कर रहा हैं। जहां पर कारीगर अपने जूट उत्पाद फैंसी बैग, शॉपिंग बैग, उपहार आइटम, वॉल-हैंगिंग, फुटवियर, ज्वेलरी, फ्लोर कवरिंग आदि का प्रदर्शन और बिक्री करते हैं।



### पिकनिक के शौकीनों को भा रही चटाई

*जूट कारीगर मो. कैफ बताते हैं कि लोगों को जूट के कपड़ों के अलावा पेंटिंग भी बहुत पसंद आती है। वहीं जूट का कालीन भी लोगों की पसंद में बेहद शुमार है। लोग तो अब जूट के कपड़े, ज्वेलरी, फुटवियर, डेकोरेशन आइटम सबकुछ ही खरीदकर ले जा रहे हैं। जूट कपड़ों पर बात करते हुए कैफ बताते हैं कि जूट के साथ कॉटन का इस्तेमाल कर भी कपड़ा बनाया जा रहा है, जिसे जूको क्लॉथ कहते हैं। यह फैंसी आइटम लोगों को फैशन के लिए उपयुक्त है। इसके अलावा दस्तावेज रखने के लिए जूट की फाइल भी है। जिसे युवा बहुतायत ले जाते हैं। वहीं हमने प्लेन जूट के साथ कपड़ा लगाकर चटाई बनाई है, जो बहुत आर्कषक है। दूरदराज पहाड़ों, जंगलों में पिकनिक मनाने जाने वाले लोग इसे जरूर खरीदते हैं।*

### जूट उत्पाद इकोफ्रेंडली, नहीं पहुंचाते पर्यावरण को नुकसान



जूट कारीगर सुनील दास बताते हैं कि भारत जूट उत्पादन में सबसे आगे है। जूट भले कॉटन से महंगा है, लेकिन यह इकोफ्रेंडली है। जूट उत्पाद पर्यावरण नुकसान नहीं पहुंचाते। लोगों की धारणा बदलते हुए हमने जूट की साड़ियां, सूट, कुर्ती, बेल्ट, टोपी, ज्वेलरी, फुटवियर जैसे उत्पाद बनाने शुरू किए। जो लोग जूट के बोरे में उपयोग केवल गीले पांव पोछने में करते थे, वे अब जूट के कपड़े पहनने लग गए हैं। कपड़ों के दाम पर जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि जूट की गुणवत्ता पर निर्धारित करता है। जूट उत्पाद बिलकुल स्वदेशी हैं। जूट उत्पादों का इस्तेमाल करें, खराब होने पर फेंक दें। यह आसानी से मिट्टी में मिलकर खाद बन जाता है।

**सिटी इवेंट**

## कार्यशाला से छात्रों ने जाना शिक्षण प्रणाली और मूल्यांकन प्रथाओं का महत्व




**रायपुर।** एनआईटी और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला में 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ऑन आउटकम बेस्ड एजुकेशन' विषय पर व्याख्यान दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के बीच परिणाम-आधारित शिक्षा प्रैक्टिसेस की समझ और कार्यान्वयन को बढावा देना रहा। इस दौरान मुख्य वक्ता एनआईटीटीटीआर भोपाल से डॉ. बद्रीलाल गुप्ता, डॉ. हुसैन जीवाखान, अकादमिक डीन डॉ. श्रीश वर्मा, डॉ. देबाशीष सान्याल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से डॉ. शुभाशीष सान्याल शामिल हुए।

### एनबीए से छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट

कार्यशाल में एनईपी 2020 और एनबीए के दिशा-निर्देश को संबोधित किया गया, जिनके महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसमें प्रभावी शिक्षण प्रणाली और मूल्यांकन प्रथाओं के महत्व को बताया। कहा, एनबीए मान्यता प्राप्त संस्थान से पढ़ाई करने वाले किसी भी छात्र को प्रतिष्ठित संगठनों में प्लेसमेंट का बेहतर मौका मिलेगा। एनबीए विभाग उच्च शिक्षा संस्थानों को शिक्षा की सर्वोत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली का पालन करने की सलाह देता है। जो विद्यार्थियों के लिए उज्ज्वल भविष्य में मददगार साबित होगा। डॉ. वर्मा ने नई शिक्षा नीति के चार वर्षों की प्रक्रिया को समझाने का प्रयास किया, जिसमें नवाचार और इलेक्टिव सब्जेक्ट संबंधित फायदे को बताया है। कार्यशाला में बीआईटी के भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**कैंपस लाइव**

## रंगोली से दिया लड़का-लड़की के समान अधिकार का संदेश



**रायपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. संजीव वोरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार के मार्गदर्शन में किया गया है। इस दौरान शहर स्थित शासकीय नर्सिंग कॉलेज में रंगोली, पोस्टर, निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें 80 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रक्त जांच शिविर का भी आयोजन कराया गया, इसमें विद्यार्थियों को चिकित्सकों ने सलाह दी।

### पीसीपीएनडीटी एक्ट की दी जानकारी

इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी द्वारा सामाजिक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इसमें महिलाओं और बालिकाओं को लैंगिक समानता एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट से संबंधित लिंग चयन और भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध के विरुद्ध जागरूक किया गया है। कहा, इस कानून के तहत, गर्भधारण से पहले और बाद में लिंग चयन करने से जुड़े विज्ञापन पर रोक है। साथ ही प्रसव से पहले लिंग का पता लगाने के लिए अल्ट्रासाउंड कराने पर जुर्माना और जेल हो सकती है। इस जांच की अनुवांशिक परामर्श केंद्र, अनुवांशिक प्रयोगशाला और अनुवांशिक क्लीनिक में भी पाबंदी है। स्पर्धा में प्रतिभागियों ने नर हो नारी सबकी समाज में भागीदारी...का संदेश देते हुए महिलाओं की भी समाज में भूमिका का दर्शाया।

**लाइव इवेंट**

## छात्राओं को बांटे गए सेनेटरी पैड, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी



**रायपुर।** पुरैना स्थित शासकीय हाईस्कूल और शाला विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'सेनेटरी पैड वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित जानकारी दी गई। गाइनकोलॉजिस्ट डॉ. अनामिका सिंह ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे एनीमिया जैसे गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में खून जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में प्राचार्य मंजरी जैन, महिला एवं बाल विकास आयोग की पूर्व सदस्य डॉ. ममता साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर, तोशन साहू, मनीष पंजवानी उपस्थित रहे।

### प्रोटीन और एनर्जी के लिए सही आहार

एक दिवसीय कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक छात्राओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। बच्चों को मासिक धर्म से संबंधित जानकारी साझा करने के बाद प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जहां सभी उम्र की छात्राओं ने अपनी दिनचर्या से संबंधित जानकारी एकत्र की। इसमें सही आहार, प्रोटीन और एनर्जी के लिए डाइट में शामिल करने वाले फल तथा दिनचर्या में बदलाव से होने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई।

● अब शहर में युवतियों के साथ महिलाओं के लिए भी फैशन शो

# शादी के बाद मॉडलिंग से कॅरियर की नई शुरुआत फैशन शो में दिख रहा घरेलू महिलाओं का टैलेंट

महिलाएं शादी के बाद से घर की जिम्मेदारियों के कारण अपना सपना दरकिनार कर देती हैं, ऐसे में महिलाएं अपनी हॉबी को पूरा नहीं कर पातीं। विगत 2-3 साल से विभिन्न संस्थाएं महिलाओं के मॉडलिंग ड्रीम को लेकर काम कर रही हैं, साथ ही महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रही हैं। जहां पहले युवतियों को मॉडलिंग का मौका दिया जाता था, अब घरेलू महिलाओं को भी इसमें शामिल किया जा रहा है।





### मॉडलिंग एक अलग ही अनुभव

महिलाओं ने बताया कि मॉडलिंग एक ऐसा अनुभव है, जिसमें आपको एक नई पहचान मिलती है। घर की जिम्मेदारी और देखभाल में हमारा पैशन कहीं पीछे रह गया, लेकिन मॉडलिंग हमारे लिए माइंड रिलैक्स थेरेपी की तरह है। इससे हम खुद में बदलाव देख सकते हैं, अब फैशन शो और लोगों के बीच बातचीत करने में हमे झिझक नहीं होती।

### इंडियन-वेस्टर्न लुक में वॉक का अलग अंदाज

सभी कार्यक्रम थीम बेस्ड होता है, जिसमें इंडियन-वेस्टर्न ड्रेस, मेकअप, ज्वेलरी सभी अलग होते हैं। ऐसे में रैंप वॉक करने का भी अपना अलग अंदाज होता है। इंडियन लुक में अपने परिधान और कल्चर का परिचय देते हुए धीरे चला जाता है तो वहीं वेस्टर्न लुक में फास्ट वॉक के साथ चेहरे पर कॉफिडेंस और एक्सप्रेशन सबसे जरूरी होता है। ऐसी महिलाओं का सलेक्शन पहले ही किया जाता है।

**रायपुर।** ऐसे में संस्थाओं का कहना है कि जिन महिलाओं ने पारिवारिक समस्याओं के कारण अपना मॉडलिंग का सपना पीछे छोड़ दिया, उन्हें मौका दिया जाता है। जो अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ अपना पैशन भी पूरा कर सकें। यह महिलाओं के लिए बेहतर कॅरियर ऑप्शन के रूप में भी काम आ रहा है, जो उनकी दिनचर्या में शामिल होता जा रहा है। महिलाओं के लिए संस्थाओं द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है। महिलाओं ने बताया कि परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियों के कारण कभी अपनी हॉबी को समय नहीं दिया। अब नई ऊर्जा के साथ सेल्फ कॉफिडेंस से मंच पर रैंप वॉक करना अपने आप में ही गर्व की बात है। इस वक्त हमारी पहचान हमारे काम से होती है, जो हमें प्रोत्साहित करती है। इंस्टीट्यूट के सदस्यों ने बताया कि मॉडलिंग के दौरान महिलाओं के लिए अधिक नियम नहीं होते। इन दिनों वर्किंग महिलाओं के अलावा घरेलू महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, जो अपना सालों पुराना सपना हमारे माध्यम से पूरा करती हैं।

### इवेंट से पहले प्रैक्टिस

मीनू मिनहाज ने बताया कि इवेंट के 2-3 दिन पहले प्रैक्टिस शुरू की जाती है। कार्यक्रम में मेकअप, कॉफिडेंस, स्पीच, क्रिएटिव और वॉक के लिए नंबर दिए जाते हैं। निर्णायक सभी प्रतिभागियों से प्रश्न पूछते हैं, बेहतर जवाब पर नंबर दिए जाते हैं। पहली बार स्टेज पर वॉक करते वक्त कई महिलाएं डरती हैं, लेकिन इस समस्या को देखते हुए उन्हें पहले प्रोत्साहित करते हैं। इसके बाद ऑडियंस और जज के सामने रैंप वॉक के लिए तैयार किया जाता है। ट्रेनिंग के बाद महिलाएं भी प्रोफेशनल मॉडल्स की तरह नए अंदाज में रैंप वॉक करती दिखती हैं।



### मॉडलिंग के लिए जरूरी स्किल्स

तृप्ति रॉय ने बताया कि मॉडलिंग के लिए कोई निश्चित उम्र तय नहीं है। सभी उम्र की महिलाएं मॉडलिंग कर सकती हैं। समय-समय पर घरेलू महिलाओं के लिए स्पर्धा आयोजित की जाती है, इसमें उनके लुक, वॉक, टैलेंट और स्पीच स्किल के आधार पर प्राइज दिया जाता है। लगभग 3-5 दिनों तक की तैयारी में महिलाओं के स्टेज और ऑडियंस फियर को दूर किया जाता है। कई महिलाएं मंच पर जाने से पहले ही डर जाती हैं, जिसके लिए ट्रेनर्स मोटिवेट करते हैं। ऐसा करने से उनका डर कम हो जाता है। इस तरह का आयोजन महिलाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए ही किया जाता है।

### मॉडलिंग में एजुकेशन जरूरी नहीं

महिलाओं के मॉडलिंग इवेंट में उनकी उम्र, पढ़ाई, स्मार्टनेस और फिजिकल लुक अधिक मायने नहीं रखता। किसी भी उम्र में वे मॉडलिंग कर सकती हैं। इस तरह का आयोजन ही महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए रखे जाते हैं। ऐसे में वर्किंग, ग्रामीण वर्ग, शिक्षक, डॉक्टर और घरेलू महिलाओं को शामिल किया जाता है, जिन्हें मॉडलिंग करने का शौक हो, लेकिन पारिवारिक समस्याओं के कारण अब तक मौका नहीं मिल सका हो, बीते कुछ सालों में महिलाओं का रुझान मॉडलिंग में बढ़ता जा रहा है। जहां वे दूसरी महिलाओं से प्रेरित होकर खुद मॉडलिंग करने का मन बना रही हैं।

श्यामनगर गुरुद्वारे में सुबह और रात में सजाए गए दीवान में रही भीड़

## कीर्तन से सराबोर दीवान, जहां हर शबद को संगीत में पिरोया

**रायपुर।** शहर के गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा गुरुनानक नगर में अलौकिक कीर्तन समागम की धूम दूसरे दिन भी रही। सुबह और रात के दीवान में फिर संगत उमड़ पड़ी। शनिवार को इसका समापन होगा। इसके चलते हर वर्ग के लोग सजाए गए दीवान का हिस्सा बनने के लिए परिवार के साथ पहुंचे। विशेष रूप से रात के कीर्तन को रैन सवाई के रूप में सिख समाज खास तवज्जो देता है। अलौकिक कीर्तन समागम सोसायटी का यह आयोजन अपनी 33वीं श्रृंखला को आज अंतिम रूप देगा। सुबह के दीवान में भाई गुरप्रीत सिंघ के कीर्तन में गुरु की महिमा का संगीतमय बयान किया गया। हर दिन रैन कीर्तन गाईये, ऐसा कीर्तन कर मन मेरे गुरुबाणी के इन शब्दों में कीर्तन की महिमा का वर्णन समाहित था।



### गुरुबाणी गायन आकर्षण रहा

इसके बाद संगत को बताया कि कोई भजन सुनता है, कोई गीत सुनकर अपना मन बहलाता है। सद्गुरु तेरे शब्दों को सुनकर मेरा मन धन्य-धन्य हो जाता है। इस आयोजन के संयोजक प्रीतपाल सिंघ चंडोक के प्रयास से देश-दुनिया में चर्चित रागी जत्थों को सुनने का अवसर लोगों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि हजूरी रागी दरबार साहिब, शिमला, जालंधर से आए प्रसिद्ध रागी कीर्तनकार हैं। सभी अपने-अपने तरीके से गायकी के लिए लोकप्रिय हैं। भाई सुखवंत सिंघ, दलवीर सिंघ, अमनदीप सिंघ, गुरुप्रीत सिंघ, भाई महताब सिंघ का एक-एक घंटे का गुरुबाणी गायन प्रमुख आकर्षण रहा है।



### रागी जत्थे का कीर्तन आज भी

सभी रागी जत्थे को सुनने के लिए जहां हर वर्ग के लोग पहुंच रहे हैं। वहीं रागों पर आधारित गुरुबाणी गायकी के लिए आए कीर्तनकारों के साथ संगत करने वाले भी लोगों को भक्तिमय माहौल दे रहे हैं। इस आयोजन में सुबह के सत्र में 7 बजे से दोपहर 12 बजे और शाम के सत्र में 6 बजे से देर रात तक सुनने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। जो लोग कीर्तन समागम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं, उन्हें शनिवार को भी अवसर मिलने वाला है।

## साधन के बिना साध्य की प्राप्ति नहीं हो सकती, गुरु पर विश्वास होना जरूरी

**रायपुर।** श्रीमद भागवत कथा में अमृत मंथन का प्रसंग आने पर कथावाचक पं. मनोज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जब भगवान का दर्शन हो जाता है तो मन गदगद और प्रफुल्लित रहता है। मोहिनी अवतार में असुरों को भगवान के सौंदर्य का दर्शन हुआ और वे उसी में पूरे समय तक डूबे रहे, फिर उन्हें किसी भी चीज का ध्यान नहीं रहा। मोहिनी अवतार में जब भगवान वहां से अदृश्य हो जाते हैं, तब गुरु शुक्राचार्य उनसे कहते हैं कि वे स्वयं नारायण थे, जिनके सौंदर्य के वश में आप सब मोहित होकर सबकुछ भूल बैठे। जब तक भगवान के चरणों का दर्शन नहीं होता, तब तक भगवान का दर्शन भी नहीं होता। जब गुरु की कृपा होती है, तभी सबकुछ संभव हो सकता है, गुरु पर विश्वास होना चाहिए, यदि गुरु पर विश्वास नहीं है तो किसी पर भी विश्वास हो पाना असंभव है।



### भगवान से संबंध मानने वाला नहीं होता



पं. शास्त्री ने कहा कि इस संसार में जो भी संबंध हैं, वे सब माने हुए संबंध हैं, केवल भगवान से ही जो संबंध होता है, वह मानने वाला नहीं होता, क्योंकि मनुष्य ने मान लिया है कि इससे मेरा संबंध है, उससे मेरा संबंध नहीं है, वह मेरे और तेरे के फेर में ही पूरी तरह से डूबा हुआ है तो फिर भगवान से कैसे संबंध बना सकता है। भादो महीने की विशेषता बताते हुए शास्त्रीजी ने कहा कि इस मास में कन्हैया, गणेश, किशोरीजी, वामन और रामदेव का अवतार हुआ। वामन भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि वामन भगवान राजा बलि के आधिपत्य से तीनों लोको को मुक्त कराने आए, लेकिन वे राजा बलि की भक्ति से आसक्त हो गए। ब्राह्मण यदि दरवाजे पर भिक्षा लेने आए तो इससे बड़े सौभाग्य की बात और कुछ नहीं हो सकती, क्योंकि स्वयं नारायण भिक्षा लेने आते हैं।

देश के आम बजट पर सभी वर्गों ने बताईं अपनी उम्मीदें

**कार्नर न्यूज**

# हर वर्ग की आम बजट से अपेक्षाएं, मध्यम वर्ग की मांग- टैक्स दरों में कमी दिला सकती है राहत

### सुरक्षा बजट बढ़ाने से महिला अपराधों पर लग सकती है लगाम



पत्रकारिता की छात्रा रिचा गोस्वामी कहती हैं कि उन्हें आम बजट से बहुत-सी उम्मीदें हैं। बजट में मुफ्त और सुलभ शिक्षा, युवाओं को स्कॉलरशिप और स्टार्टअप शुरू करने वालों को कम से कम ब्याज दर पर लोन का प्रावधान हो। साथ ही महिला सुरक्षा बजट बढ़ाया जाए। बजट बढ़ने से पुलिस प्रशासन को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी मिलेगी, जिसका वे इस्तेमाल महिलाओं के साथ हो रहे अपराध पर लगाम लगाने के लिए कर सकते हैं।

### शिक्षा बजट में बढ़ावे से बेरोजगारी होगी कम



शिक्षाविद बिहारीलाल शर्मा ने आम बजट से लगाई अपनी उम्मीदों को जाहिर करते हुए कहा कि आयकर में 10 लाख रुपए तक की सालाना छूट मिलनी चाहिए। शिक्षा का बजट बढ़ाने की बहुत जरूरत है। इसका उपयोग 8वीं से 12वीं तक के बच्चों के स्किल डेवलपमेंट में किया जा सकता है। इसका फायदा ये होगा कि 12वीं पास करने के बाद युवाओं को रोजगार के लिए दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। वे आत्मनिर्भर होते हुए अपने स्किल से पैसा कमाएंगे। साथ ही अपनी आगे की पढ़ाई का खर्च उठा सकेंगे। इसमें घरवालों को भी सहूलियत होगी।

*देश का आम बजट 1 फरवरी को पेश होने वाला है, जिससे राजधानी के युवाओं, शिक्षाविदों, उद्यमियों, कृषकों व गृहणियों को बहुत-सी अपेक्षाएं हैं।*




**रायपुर।** हर वर्ग के लोगों का कहना है कि आम बजट पेश करने वालों को देश की अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी को तो ध्यान में रखना ही चाहिए, साथ ही उन्हें मध्यम वर्ग की जेब के बारे में भी सोचना चाहिए। हरिभूमि ने राजधानी के सभी वर्गों के लोगों से बात कर आम बजट 2025-26 से लगाई जा रही उनकी उम्मीदों को जाना। युवाओं और शिक्षाविदों की मांग है कि शिक्षा बजट को बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे स्कूल, कॉलेज का इंफ्रस्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लासरूम, खेल के मैदान आदि बेहतर हो सकें। सामाजिक उद्यमी, जो वंचित और दिव्यांग लोगों को रोजगार दे रहे हैं, उनकी मांग है कि बिजली, आय आदि करों में रियायत दी जाए। कृषकों की बजट से मांग है कि एमएसपी निर्धारित की जाए। साथ ही फसल बीमा का दायरा भी बढ़ाया जाए। वहीं गृहणियों की मांग है कि जल, बिजली व एलपीजी गैस की दरों पर कुछ छूट दी जाए।

### अदा किए जा रहे टैक्स का सरकार करे सदुपयोग



उद्यमी प्रियंक पटेल ने आम बजट को लेकर कहा कि हम जैसे सामाजिक उद्यमियों को बिजली व आयकर में रियायत मिलनी चाहिए। प्रियंक नुक्कड़ टी कैफे नाम से स्टार्टअप चलाते हैं, जिसमें उन्होंने दिव्यांग और ट्रांसजेंडर को रोजगार दिया हुआ है। प्रियंक कहते हैं कि यदि बिजली व आयकर में रियायत मिलनी शुरू हो जाए तो बहुत से लोग समाज के वंचित व उपेक्षित वर्ग के लोगों को साथ में लेकर उद्यम शुरू करने की कोशिश करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम सभी के द्वारा अदा किए जा रहे कर का सरकार को सदुपयोग करना चाहिए।

### बिजली, जल और एलपीजी गैस की दरों में हो कमी



गृहणी अल्का शर्मा ने आम बजट को लेकर कहा कि मध्यम वर्ग को ज्यादा कुछ नहीं, बिजली, जल व एलपीजी की दरों में कमी चाहिए। अल्का कहती हैं कि प्राइवेट स्कूलों में मनमानी फीस वसूली जाती है। बच्चों की पढ़ाई, ग्रॉसरी, एलपीजी, बिजली आदि में तनख्वाह खर्च हो जाती है। यदि कोई बीमार पड़ जाए तो कर्ज लेकर उपचार करना पड़ता है। दवाईयां भी महंगी हैं। महंगाई इतनी ऊपर से बिजली, जल व एलपीजी की दरें घर का बजट खराब कर देती हैं। यदि इन दरों में कमी की जाए तो मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### कालेज ग्राउंड मेला से हुई बाइक की चोरी

**अभनपुर।** सांईस कॉलेज ग्राउंड मेला मे अभनपुर केन्द्री निवासी युवक की बाईक चोरी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी अनुसार आरटीओ पंडरी मे प्राइवेट जॉब करने वाले ठाकुर राम साहू जो 18 जनवरी को कालेज ग्राउंड मेला में अपनी हीरो डिलक्स क्रंमाक सीजी 04 एचवी 8258 रख कर मेला देखने अंदर चला गया। प्रार्थी वापस आया तो देखा बाइक वहां पर नही थी जिसकी चोरी की रिपोर्ट सरस्वती थाना मे दर्ज किया गया है।

### पंचायत चुनाव पर 27 को सुनवाई होगी

तिल्दा नेवरा। पंचायत चुनाव पर लग सकता है ग्रहण, 27 को उच्च न्यायालय में होगी अहम सुनवाई। पंचायत चुनाव टलने के आसार दिखाई दे रहा है। बता दे जिला पंचायत चुनाव के लिए प्रदेश के पूरे 33 जिला पंचायत क्षेत्रों में एक भी क्षेत्र अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया गया है जिसके खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल किया गया है। पंचायत चुनाव पर स्टे लगने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है।

### नवागांव (ख) में मड़ई मेला 27 को

**चंदखुरी।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवागांव (खु) में भव्य मड़ाई मेला का 27 जनवरी दिन सोमवार को आयोजन किया गया है जिसमें ग्राम के सरपंच पुष्पा भुनेशु यदु ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति कार्यक्रम धरोहर कन्हारपुरी राजनांदगांव की प्रस्तुति का आयोजन का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें ग्राम के सरपंच ने तैयारी को लेकर ग्राम के समस्त कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए है।

### भगवत गीता का संदेश मोक्ष मार्ग की प्रेरणा

**आरंग।** आरंग के श्याम बाजार में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शनिवार को कथावाचक ईश्वर प्रसाद मिश्रा ने श्रीगीता का श्रवण कराया।

### प्रवचन : भागवत कथा के चौथे दिन पं. पवन ने राजा मोरजधवज की कथा सुनाई

# राजा मोरध्वज की कथा सुन भावविभोर हो गए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम छतौना मंदिरहसौद में भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास प. पवन कुमार शर्मा ने राजा मोरजधवज की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि अर्जुन का अहंकार तोड़ने के लिए श्रीकृष्ण ने लीला की। इसके लिए श्रीकृष्ण और अर्जुन ने जोगियों का वेश बनाया और वन से एक शेर पकड़कर भगवान विष्णु के परम–भक्त राजा मोरध्वज के द्वार पर पहुंच गए। राजा मोरध्वज बहुत ही दानी माने जाते थे। उसने दोनों साधुओं की आवाभगत की लेकिन भगवान कृष्ण ने मोरध्वज से कहा कि हम तो ब्राह्मण हैं, कुछ भी खा लेंगे लेकिन ये शेर नरभक्षी है। आपको इसका पेट भरने के लिए अपने पुत्र को आरी से चीरकर खिलाना होगा। ऐसा करते वक्त आपके और रानी के आंखों से एक भी आंसू नहीं निकलने चाहिए। तुम अगर अपने इकलौते बेटे को अपने हाथों से मारकर इसे खिला सको, तो ही हम तुम्हारा आतिथ्य स्वीकार करेंगे। भगवान की शर्त सुन मोरध्वज के साथ–साथ अर्जुन भी सकपका गया। लेकिन राजा अपने आतिथ्य धर्म से पीछे नहीं हटे। उन्होंने अपनी पत्नी और पुत्र को इस बारे में बताया और वो दोनों भी राजा के सम्मान के लिए ऐसा करने के लिए तैयार हो गए। राजा–रानी ने अपने हाथो में आरी लेकर पुत्र के दो टुकड़े किये और सिंह को परोस दिया। शेर ने धीरध्वज का आधा शरीर ही खाया और जब



रानी ने पुत्र का आधा शरीर देखा, तो वो आंसू रोक न पाई। जब श्रीकृष्ण ने आंसू का कारण पूछा, तो रानी ने कहा पुत्र का आधा शरीर भोजन के रूप में प्रयोग नहीं हुआ, बल्कि शेष रह गया। यह देख उनकी आंखों से आंसू निकल गए। अर्जुन यह सब देखकर अपना सारा धैर्य खो चुके थे। उसे एहसास हो गया था कि भगवान उसके गर्व को तोड़ने के लिए ये सब कर रहे हैं। वह भी श्रीकृष्ण के आगे राजा की भक्ति देख नतमस्तक हो गया और श्रीकृष्ण को दया करने कहने लगा।

### कृष्णप्रिया ने भीष्म जन्म और उनके प्रतिज्ञा की कथा सुनाई

*आरंग। ग्राम रानीसागर में आयोजित भागवत महापुराण के दूसरे दिन कथा वाचिका कमल कृष्ण प्रिया ने महाभारत की कथा सुनाते हुए का की महाभारत की कथा कुरु वंश के दो शाखाओं, कौरवों और पांडवों, के बीच के संघर्ष पर केंद्रित है। कथा की शुरुआत हस्तिनापुर के राजा शांतनु से होती है, जिनकी दो पत्नियां थीं गंगा और सत्यवती। गंगा के पुत्र भीष्म थे, जबकि सत्यवती के दो पुत्र थे चित्रंगद और विचित्रवीर्य। चित्रंगद की मृत्यु के बाद विचित्रवीर्य राजा बने, लेकिन उनकी मृत्यु भी जल्दी हो गई। भीष्म ने विचित्रवीर्य की दो पत्नियों अम्बा और अम्बालिका को सत्यवती के पुत्र व्यास से मिलने के लिए कहा, जिससे वे गर्भवती हो सकें। इस प्रकार, धृतराष्ट्र, पांडु और विदुर का जन्म हुआ। धृतराष्ट्र का विवाह गांधारी से हुआ, जिससे उन्हें सौ पुत्र हुए, जिन्हें कौरव कहा जाता है। पांडु का विवाह कुंती और माद्री से हुआ, जिससे उन्हें पांच पुत्र हुए, जिन्हें पांडव कहा जाता है। कौरवों और पांडवों के बीच संघर्ष तब शुरू हुआ जब धृतराष्ट्र ने पांडवों को उनका हिस्सा देने से इनकार कर दिया। यह संघर्ष महाभारत के युद्ध में परिणत हुआ, जिसमें पांडवो ने कौरवो को पराजित किया। द्रौपदी की कथा सुनाते हुए कथा वाचिका ने कहा कि द्रौपदी का जन्म अग्नि से हुआ था, जब राजा द्रुपद ने शिव की आराधना की थी। वह अत्यंत सुंदर और बुद्धिमान थीं। द्रौपदी के स्वयंवर में अर्जुन ने भाग लिया और उन्हें जीत लिया। लेकिन, जब अर्जुन ने द्रौपदी को अपने घर ले जाने के लिए कहा, तो उन्होंने कहा कि वह अपने सभी भाइयों की पत्नी बनेंगी। इस प्रकार, द्रौपदी ने पांडवों के साथ विवाह किया और उनकी पत्नी बन गईं। लेकिन, उनका जीवन आसान नहीं था। उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें से एक था दुर्योधन के द्वारा उनका चीर हरण। द्रौपदी ने अपने पतियों के साथ मिलकर कई कठिनाइयों का सामना किया और अंत में धर्म की जीत हुई। वह एक आदर्श पत्नी और माता के रूप में जानी जाती हैं और उनकी कथा महाभारत में एक महत्वपूर्ण भाग है। द्रौपदी पांचाली की कथा महाभारत में वर्णित है, जो एक प्रमुख पात्र हैं। वह पांचाल राज्य के राजा द्रुपद की पुत्री थीं और पांडवों की पत्नी बनीं।*



### शिव कथा में ज्योर्तिलिंग की महिमा का किया बखान

*आरंग: ग्राम कुकरा में गुरुवार से प्रारंभ शिवमहापुराण कथा के दुसरे दिन कथा वाचक प. सूर्यकांत तिवारी ने ज्योतिलिंर्ग उत्पत्ति भस्म रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भस्म रुद्राक्ष एक प्रकार का रुद्राक्ष है जो भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। यह रुद्राक्ष आमतौर पर भस्म (राख) से बना होता है, जो भगवान शिव के तीसरे नेत्र से निकली हुई मानी जाती है। भस्म रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शक्ति और सुरक्षा प्राप्त होती है। प. सूर्यकांत तिवारी ने बताया कि ज्योर्तिलिंग भगवान शिव के बारह प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। ज्योर्तिलिंग की उत्पत्ति कथा का रसपान करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र से एक ज्योति याने प्रकाश को निकाला, जो पृथ्वी पर गिरकर ज्योर्तिलिंग बन गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे।*

## 50 पौवा अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**आरंग।** पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर आरंग युवराज पेट्रोल पंप के पास योगेंद्र निर्मलकर पिता आनंद राम निर्मलकर उम्र 38 साल ग्राम तामासिवनी को अवैध रूप से बिक्री करने के लिए ले जा रहे 50 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब के साथ पकड़ा। आरोपी का कृत्य अपराध क्र. 44/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से उसे गिरफ्तार कर प्रकरण अजमानतीय होने से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## मछली पकड़ने के दौरान करंट लगने से युवक की हुई मौत

**आरंग।** ग्राम अमेठी खार नाला के पास लगे विद्युत लाइन पोल से मछली पकड़ने के लिये बिजली तार बिछाकर नाला में पंखा में लगाने वाली जाली में करंट लगाया। मछली पकड़ते समय बिजली करंट छाती में लगने से 17 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि गुरुवार को खिलावन निषाद ने थाना में उपस्थित होकर बताया कि शीतला पारा आरंग निवासी मृतक खेमराज निषाद पिता रामकुमार निषाद उम्र 17 वर्ष चंद्राकर बाड़ी अमेठी खरोरा रोड़ आरंग में रहता था। वह 23 जनवरी को 10 बजे खेत घूमने गया था। वहीं नाला के पास से बिजली



का तार गुजरा है, जिसे पार करते समय बिजली करंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। सूचना प्राप्त होने पर मर्ग क्रमांक 09/2025 पंजीबद्ध कर मौके पर जाकर पंचनामा कार्रवाई की गई।

## भारी संख्या में आज भी नामांकन दाखिल

तिल्दा नेवरा। आगामी नगर पालिका चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ है, आज तीसरे दिन भी भारी संख्या में दावेदार तहसील कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदकर दाखिल किया गया है। अध्यक्ष पद के दावेदारों सहित पार्षद पदों के दावेदार भी उपस्थित हुए और नामांकन पत्र खरीदकर दाखिल किए। अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस समर्थित लक्ष्मी नारायण वर्मा ने नामांकन फार्म खरीदा, वही अध्यक्ष के लिए ही भाजपा समर्थित पोषण वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। वहीं पार्षद पद हेतु कांग्रेस समर्थित देवा दास टंडन, प्रमोद वर्मा, नरोत्तम यदु, निर्मल सोनी, रूपा चौधरी, आदि ने भी नामांकन प्रक्रिया किया है। वहीं भाजपा समर्थित संजू शर्मा, दिनेश पंजवानी, श्रीमती रत्ना मनोहर साहू, पप्पू साहू, आदि ने नामांकन दाखिल किया। तहसील कार्यालय में आज भारी भीड़ देखने को मिला।



### निकाय चुनाव की टिकट पर आज कांग्रेस की बैठक

धरसीवां / कूंरा। छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में टिकट वितरण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आज जिला कांग्रेस कमेटी, रायपुर में आयोजित की गई । इस समिति द्वारा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के सभी अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों का चयन किया गया । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मंत्री श्री धनेन्द्र साहू जी, पूर्व मंत्री श्री शिव डहरिया जी,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री उधो वर्मा, पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा,पूर्व विधायक श्रीमती अनिता शर्मा , एवं श्री हर्षद मेहता , दुर्गेश वर्मा तथा सभी पर्यवेक्षक व ब्लाक अध्यक्ष उपस्थित थे ।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताए सफलता के टिप्स

# वार्षिक कार्ययोजना व परीक्षा को लेकर विकासखंड स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकासखंड के समस्त प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शुक्रवार को हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के निर्देशन में बैठक हुई।

बैठक में शिक्षा विभाग की वार्षिक कार्य योजना बजट 2025–26 स्मार्ट क्लास, अतिरिक्त कक्ष, बिजली की व्यवस्था, आईसीटी लेब, आरटीआई अंतर्गत बच्चों की जानकारी, इंटरनेट की आवश्यकता, शाला में होने वाले नवाचार, आवश्यक निर्माण कार्य, शौचालय रैंप की आवश्यकता, अतिरिक्त कक्ष, अच्छी गतिविधियों का प्रस्ताव, शिक्षकों की कमी, नई शिक्षा नीति पर आधारित आवश्यकता की मांग, अटल टीकरिंग लैब प्रस्ताव, समर कैंप एवं पाठ्योत्तर गतिविधि के साथ–साथ प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा हुई।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बिंदु बार निर्देशित करते हुए सफलता के कई टिप्स भी दिए।

**इनकी रही उपस्थिति–** इस अवसर पर प्राचार्यगण सरोजिनी केरकट्टा, हरीश शर्मा, माणिक लाल मिश्रा, चंदूलाल साहू, आर.के. साहू, जे.आर. आल्हा, चंचल परदेसी, राम बंडारू आदि एवं संकुल समन्वयगण हरीश दीवान, जितेंद्र शुक्ला, पोखन साहू, उगेश साहू, धनंजय साहू, ओंकार वर्मा, कुसुम लता कुर्रे, विजय देवांगन, प्रफुल्ल मांझी, रोशन चंद्राकर आदि एवं कर्मचारी वेदप्रकाश साहू, श्रवण साहू, अरविंद पटेल आदि की उपस्थिति रही।



## जयंती पर सुभाषचंद बोस को दी श्रद्धांजलि

**अभनपुर।** नेताजी सुभाष महाविद्यालय में नेताजी सुभाष बोस की 128वी जयंती उपलक्ष्य पर पराक्रम दिवस का आयोजन कर किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ व्हीके मिश्रा ने नेताजी को राष्ट्रीय स्वतंत्रता के महानायक, आजाद हिंद फौज के संस्थापक, कर्तव्य पथ के अमर योद्धा बताते उनके कार्यो का स्मरण कर श्रद्धांजलि दी। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नेताजी सुभाषचंन्द्र के जीवन पर आधारित विभिन्न कविताओं, रचनाओं, भाषण आदि के माध्यम से नेताजी की छवि को प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर डॉ. आर. के. तिवारी, डॉ. विनय कुमार यादव, सागर दारोकर सहित सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद रहे।




### शपथ पत्र

**मैं प्रदीप कुमार शर्मा उम्र 42 वर्ष पिता श्री रामाधार शर्मा हाल मुकाम-श्वेता आटा चक्की के पास, मौलीपारा तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. निम्नलिखीत शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं- यह कि मेरा नाम पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया था जिसका पंजीकरण संख्या बी-2023-23-03779-000002 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम अवनी शर्मा दर्ज है। यह कि मेरी पुत्री की कक्षा नवमीं की मार्कशीट में भी नाम अवनी शर्मा दर्ज है। यह कि मैं सामान्य वर्ग के अंतर्गत आता हूं। तथा मेरे पूर्वज अपने (उपनाम) सरनेम में पड़ारहा लिखा करते थे जिसके बाद पड़ारहा के स्थान पर शर्मा लिखा जाने लगा। यह कि त्रुटिवश मेरी पुत्री के कक्षा 1 से लेकर 8 वी तक स्कूल में नाम अवनी पड़ारहा दर्ज है जिसे सुधरवाकर कक्षा 9 वीं से अवनी शर्मा दर्ज करवा दिया गया है। यह कि मेरी पुत्री का पूर्व का नाम अवनी पड़ारहा है तथा वर्तमान में अवनी शर्मा है यह दोनों नाम मेरी एक ही पुत्री के है। तथा वर्तमान में केवल एक ही नाम अवनी शर्मा चाहता हूं। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम अवनी पड़ारहा दर्ज है जिसे सुधरवाकर सही नाम अवनी शर्मा करवाना चाहता हूं। तथा मेरी पुत्री को अवनी शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये जिसके लिए गजट नोटिफिकेशन करवाने के लिए सक्षम अधिकारी की जो भी नियम व शर्तें होंगी वह मुझे मान्य होगी। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज नाम अवनी पड़ारहा के स्थान पर मेरी पुत्री का सही नाम अवनी शर्मा दर्ज करने के सत्यता के प्रमाण स्वरूप यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।**

**प्रदीप कुमार शर्मा**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला - रायपुर

### आम सूचना

जारी दिनांक- 22.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- धनेली प.ह.न.- 81 रा.नि.मं- रायपुर- 18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक जे.बी.जी. नान वोवेन इन्डस्ट्रीज पार्टनर विशाल थौरानी पिता श्री सतीश थौरानी निवासी एम.एम. निवासी बंगला नंबर 06, गोदड़ीवाला सिटी बाबा गेलाराम नगर देवपुरी रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 77/5 रकबा 0.2480 हे., ख.न. 15001 रकबा 0.3910 हे., ख.न. 15002 रकबा 0.4490 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ क/ वाचक/ तहसीलदार/2025 रायपुर आदेश दिनांक 17/01/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक- 03/02/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर-18**

### शपथ पत्र

मै आशीष खण्डेलवाल पिता स्व. श्री विरेन्द्र खण्डेलवाल निवासी बी 102 सी जी हाईटस दुबे कालोनी मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

1. यह कि मेरा नाम उपरोक्तानुसार सत्य व सही है ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड मे मेरा नाम ASHISH KHANDELWAL अंकित है । मेरा आधार नंबर 9773 2987 7667 है मेरा पेन कार्ड क्रमांक ANHPK5637R है।
3. यह कि मेरी पुत्री युक्ता खण्डेलवाल के कक्षा दसवी एवं बारहवी की अंकसूची मे मेरा नाम याने पिता का नाम ASHISH V KHANDELWAL अंकित है।
4. यह कि ASHISH KHANDELWAL एवं ASHISH V KHANDELWAL एक ही व्यक्ति है मेरा ही नाम है।
5. यह कि उक्त दी गई जानकारी सत्य व सही है भविष्य मे किसी प्रकार का वाद विवाद होता है तो समस्त जवाबदारी मेरी होगी।

**शपथकर्ता**

**– सत्यापन –**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 की बातें मेरे निजी जानकारी से सही व सत्य है अतः आज हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

दिनांक :- 22.01.2025 **शपथकर्ता**

### शपथ पत्र

मै नीता खण्डेलवाल पति आशीष खण्डेलवाल निवासी बी 102 सी जी हाईटस दुबे कालोनी मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं :-

1. यह कि मेरा नाम उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड मे मेरा नाम NEETA KHANDELWAL अंकित है । मेरा आधार नंबर 3581 2421 4332 है मेरा पेन कार्ड क्रमांक ATUPK5504A है।
3. यह कि मेरी पुत्री युक्ता खण्डेलवाल के कक्षा दसवी एवं बारहवी की अंकसूची मे मेरा नाम याने माता का नाम NEETA A KHANDELWAL अंकित है।
4. यह कि NEETA KHANDELWAL एवं NEETA A KHANDELWAL एक ही व्यक्ति है मेरा ही नाम है।
5. यह कि उक्त दी गई जानकारी सत्य व सही है भविष्य मे किसी प्रकार का वाद विवाद होता है तो समस्त जवाबदारी मेरी होगी।

**शपथकर्ता**

**– सत्यापन –**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 की बातें मेरे निजी जानकारी से सही व सत्य है अतः आज हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

दिनांक :- 22.01.2025 **शपथकर्ता**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# माशिम के आदर्श परीक्षा केंद्र पर चुनावी ग्रहण, सुझाव मांगे लेकिन इस बार 'नो सेल्फी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल के आदर्श परीक्षा केंद्र पर इस बार चुनावी ग्रहण लग गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मौजूदा शैक्षणिक सत्र से नई पहल करते हुए आदर्श परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर विचार किया जा रहा था। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिलों से कुछ स्कूलों का चयन कर उन्हें आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाना था।

चुनाव आयोग द्वारा पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में यह प्रयोग करते हुए सभी क्षेत्रों में आदर्श मतदान केंद्र निर्मित किए गए थे। यहां मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन, फूलों से स्वागत, आरती सहित कई तरह की व्यवस्थाएं की गई थीं। इसी तर्ज पर परीक्षा केंद्रों में भी सेल्फी जोन, छात्रों का फूलों से स्वागत सहित अन्य प्रयोग किए जाने थे। दिसंबर माह में हुई जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक में इस पर चर्चा की गई थी। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से इसे लेकर सुझाव मांगे गए थे। कुछ जिलों से सुझाव प्रेषित भी हुए, लेकिन अंतिम मुहर इन पर नहीं लग सकी। अब इसे योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया हैं।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, चुनाव के चलते आदर्श परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जा रहे हैं। नगरीय निकाय चुनावों में बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। आदर्श परीक्षा केंद्र निर्माण के लिए भी अतिरिक्त कार्य की आवश्यकता होगी। छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित की जानी है। इन सभी तथ्यों को ध्यान रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

- जिला शिक्षा अधिकारियों से मांगे गए थे सुझाव
- छात्रों में परीक्षा को लेकर सकारात्मक माहौल बनाने किया जाना था प्रयोग



### किया गया था विचार

आदर्श परीक्षा केंद्र को लेकर पूर्व में विचार किया गया था, लेकिन फिलहाल इस सत्र में इन केंद्रों का निर्माण नहीं किया जा रहा है।
- **पुष्पा साहू**, सचिव, माशिम

### वितरण कार्य रि-शेड्यूल

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं 1 मार्च से तथा दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 2 मार्च से आयोजित की जाएंगी। इसके पूर्व नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव संपन्न हो जाएंगे, इसलिए समय-सारिणी में परिवर्तन की आवश्यकता माध्यमिक शिक्षा मंडल को नहीं हुई। परीक्षा के पूर्व माशिम द्वारा प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित जिलों में पहुंचाई जाती है, जहां इन्हें थानों में रखा जाता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मंडल द्वारा पूर्व में जिन तिथियों में वितरण कार्य रखा गया था, उन तारीखों में चुनाव भी हैं। इसे देखते हुए वितरण कार्य रिशेड्यूल किया गया है। इसके अतिरिक्त मंडल के अन्य किसी कार्य पर कोई असर चुनाव का नहीं पड़ा है।

## खबर संक्षेप



### पीएसओ-पुलिस वाहन चालकों का प्रशिक्षण

**रायपुर।** गुडगांव मानेसर की एनएसजी टीम द्वारा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना में आयोजित निज सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) एवं पुलिस वाहन चालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) अमित कुमार ने निज सुरक्षा अधिकारियों का 12-12 दिवसीय प्रशिक्षण 4 बैच में 352 पीएसओ एवं 6-6 दिवसीय प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के 343 पुलिस के वाहन चालकों को आपातकालीन स्थिति में किए जाने ड्रिल एवं वीआईपी सुरक्षा में किए जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही डेमो कार्यक्रम में वीआईपी के काफिले में बाहरी आक्रमण होने पर पीएसओ द्वारा दिए जाने वाले प्रतिक्रिया के बारे में दर्शाया गया, जिसमें आपातकालीन परिस्थिति में वाहन चालकों एवं पीएसओ द्वारा क्या किया जाना है, विस्तार से डेमो एवं ड्रिल द्वारा समझाया गया। इसी दौरान वरिष्ठ सेनानी वीआईपी सुरक्षा वाहिनी ने संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा प्रशिक्षणार्थियों की संख्या आदि के बारे में बताया तथा पुलिस में प्रशिक्षण के महत्व पर बल दिया। साथ ही ग्रुप कमांडर एनएसजी दिनेश सम्बरवाल ने पुलिस जवान को धैर्य तथा समर्पण की भावना से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक एमएल कोटवानी, पीटीएस माना के एसपी राजकुमार मिंज, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, एनएसजी प्रशिक्षक दल आदि उपस्थित रहे।

### माशिम में निष्पक्ष मतदान की शपथ



**रायपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा निष्पक्ष मतदान की शपथ ली गई। लोकतंत्र की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ सभी ने ली। माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने सभी को यह शपथ दिलवाई।

### महिला समूहों के मध्य कुकिंग स्पर्धा, मांढर अव्वल



**रायपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन किया जाता है। स्कूली छात्रों के लिए मिड-डे-मिल तैयार करने वाली महिला समूहों के मध्य कुकिंग स्पर्धा शुक्रवार को रायपुर में रखी गई। संत कंवरराम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटोरा तालाब में यह स्पर्धा हुई। इसमें पूरे जिले से 12 महिला स्व सहायता समूह के रसोई दल ने हिस्सा लिया। स्वच्छता, पोषक तत्व, स्वाद व समय के आधार पर विजेता का चयन किया गया। प्रथम स्थान शिवगायत्री महिला स्व सहायतासमूह शास.पूर्व माध्यमिक शाला मांढर को मिला।

## जोन के साथ मंडल में भी बढ़ रही उठाईगिरी की घटनाएं

# ट्रेनों में 40 प्रतिशत यात्री रोज भूल रहे सामान, इससे बढ़ रही चोरी, नींद में उठाईगिरी की घटना अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेनों में लगातार चोरी के मामले रायपुर रेल मंडल और जोन में बढ़ते जा रहे हैं। चोरों का गिरोह स्लीपर के साथ एसी कोच में सफर कर रहे यात्रियों के सामान को निशाना बना रहे हैं। उधर दूसरी ओर आरपीएफ भुलक्कड़ यात्रियों से परेशान हो चुकी है। रोज 4 से अधिक मामले ट्रेन और स्टेशन में कीमती सामान छोड़ने के मिल रहे हैं। जवानों की कमी से जूझ रही आरपीएफ यात्री के सामान को ट्रेन से सुरक्षित थाना लाने और फिर यात्री की जांच करके फिर उन तक पहुंचाने में अब व्यस्त हो चुकी है। भुलक्कड़ और लापरवाह यात्रियों की वजह से ट्रेनों में चोरी के मामले भी बढ़ने लगे हैं। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला ट्रेनों में सामान भूल चुके 40 प्रतिशत यात्रियों का सामान चोरी होना पाया गया, जिसकी जांच में अब भी जीआरपी और आरपीएफ उलझी हुई है। आरपीएफ का कहना है कि यात्रियों को जागरूक करने के बाद भी ट्रेनों में सामान छोड़ने के मामले कम नहीं हो रहे हैं। प्रतिदिन ट्रेनों से यात्रियों की शिकायत मिल रही है।

### पलक झपकते ही मोबाइल हो रहे चोरी

स्टेशन में मोबाइल चोरों का गिरोह सक्रिय हो चुका है। पलक झपकते ही स्टेशन से मोबाइल चोरी होने लगे हैं, जिसकी भी शिकायत रोज आरपीएफ को मिल रही है। सालभर से मोबाइल चोरी के मामले सर्वाधिक हैं। हर महीने आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें 10 प्रतिशत यात्रियों को ही चोरी हुआ मोबाइल मिल पाया है। ट्रेनों से ज्यादा प्लेटफार्म में मोबाइल चोरी हो रहे हैं। यात्री चार्जिंग में लगाने के बाद कभी सो जाते हैं, तो कभी कुछ मिनट के लिए पानी भरने जाते ही चोर मोबाइल चोरी कर लेते हैं।

- ट्रेन में यात्रियों की लापरवाही का फायदा उठा रहे चोर




**केस 1**

शालीमार- कुर्ला एक्सप्रेस व हावड़ा-मुंबई मेल के एसी कोच में चोरों ने तीन यात्रियों को निशाना बनाया। गहने व नकद मिलाकर 11 लाख 40 हजार रुपये की चोरी हुई है। यात्रियों ने इस घटना की रिपोर्ट रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर जीआरपी थाने में दर्ज कराई। घटना रायगढ़ से बिलासपुर के बीच की है। इसीलिए रायपुर जीआरपी ने शून्य में अपराध दर्ज कर केस डायरी बिलासपुर जीआरपी थाने को भेजी। असल अपराध कायम कर जीआरपी ने जांच शुरू कर दी है।

**केस 2**

दूसरी घटना भी शालीमार एक्सप्रेस की है। झारखंड सराईकेला निवासी संजय कुमार चौधरी ए- कोच की बर्थ नंबर 41, 38, 42 व 40 में स्वजन के साथ टाटानगर से रायपुर के लिए यात्रा कर रहे थे। दोनों ट्राली बैग बर्थ 37 के नीचे रखे हुए थे। जब ट्रेन झारसुगड़ा पहुंची, तो उनकी आंख लग गई। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में नींद खुली, तब उन्होंने देखा कि दोनों ट्राली बैग गायब थे। बैग में कपड़ों के साथ पांच लाख रुपये नकद रखे हुए थे। इस मामले की रिपोर्ट रायपुर जीआरपी थाने में दर्ज कराई है।

**केस 3**

तीसरी घटना हावड़ा- मुंबई मेल ट्रेन की है। पश्चिम बंगाल के बांकुरा निवासी अरुणगदास सासु मां का इलाज कराने के लिए मुंबई जा रहे थे। उनका रिजर्वेशन 43, 44 व 45 नंबर बर्थ था। उन्होंने ट्राली सूटकेस नीचे चेन बांधकर रखा। सुबह आठ बजे नींद खुली, तो देखा सूटकेस गायब था। उसके अंदर 20 हजार रुपये नकद समेत 30 हजार रुपये के समान थे।

# निकाय चुनाव शांतिपूर्ण कराने आईजी ने राजपत्रित पुलिस अफसरों को दिए दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले महीने होने वाले निकाय चुनाव तथा पंचायत चुनाव के दौरान किसी तरह की शांति भंग न हो इसके लिए पुलिस ने भी तैयारिया शुरू कर दी है। होने वाले चुनाव को देखते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने शुक्रवार को संभाग के सभी एसपी, एएसपी, सीएसपी, डीएसपी, एसडीओपी की अलग-अलग पालियों में बैठक ली।

प्रथम पाली में रायपुर जिले के एसएसपी, एएसपी व राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राजधानी पुलिस की चुनौतियों से निपटने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। राजपत्रित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, कार्यक्षमता में वृद्धि कर गुणवत्तापूर्ण पर्यवेक्षण करने, प्रत्येक घटना की समीक्षा कर अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को औचित्यपूर्ण निर्देश देने, थानों के कार्यों के मात्र पर्यवेक्षण तक सीमित न होकर कार्य में गुणवत्ता सुधार करने आईजी ने निर्देश दिए।

### आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश

चुनाव के दौरान अपराधिक तत्व के लोग किसी तरह से गड़बड़ी न करें इसके लिए आईजी ने सभी पुलिस अफसरों को आपराधिक तत्वों के खिलाफ अभी से सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही चुनाव के दौरान मादक पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त रोकने आईजी ने सभी पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं। मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त में लिप्त रहने वाले बदमाशों के खिलाफ अफसर ने कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं।

## बिजनेस साइट

### सिपेट रायपुर में हुआ कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), बिलासपुर द्वारा प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्य के एसईसीएल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग एवं मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक्स एक्सट्रूजन के छह महीने के पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। समारोह में प्रमुख अतिथियों में एसईसीएल के आलोक कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक आशीष कुमार डी. सूर्यवंशी और सिपेट रायपुर के डॉ. आलोक साहू उपस्थित रहे। समारोह में प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाणपत्र और रोजगार के प्रस्ताव पत्र दिए गए, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, म्यूचुअल ऑटोमोटिव लिमिटेड, सिंटेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कंपनियों से नौकरी के प्रस्ताव शामिल थे।

- एसईसीएल बिलासपुर की ओर से किया गया था प्रायोजित

### मारुति सुजुकी नेक्सा के वरिष्ठ अधिकारियों का रायपुर दौरा

**रायपुर।** मारुति सुजुकी नेक्सा के हेड सुनील मूलचंदानी और जोनल हेड विनीत जैन ने हाल ही में रायपुर ऑटो एक्सपो का दौरा किया, जिससे इस आयोजन में ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। उनके दौरे ने रायपुर के बढ़ते ऑटोमोटिव हब के रूप में महत्व को और सशक्त किया। इस दौरान नेक्सा हेड को रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अधिकारियों द्वारा एक्सपो के आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। नेक्सा हेड इस व्यवस्थित दृष्टिकोण और विस्तार पर ध्यान देने से प्रभावित हुए।

नेक्सा स्टालों का निरीक्षण करते हुए सुनील मूलचंदानी ने बिक्री टीम से बातचीत की और उन्हें ग्राहकों की संतुष्टि पर विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने टीम के मनोबल को बढ़ाया और उन्हें लक्ष्यों को पार करने के लिए उत्साहित किया।

### शंकरा हुंडई में लॉन्च हुई 'न्यू क्रेटा इलेक्ट्रिक'

**रायपुर।** शहर की सबसे विश्वसनीय शंकरा हुंडई ने गुरुवार को भाठागांव स्थित अपने शोरूम में 'न्यू क्रेटा इलेक्ट्रिक' की सफल लॉन्चिंग की। शंकरा हुंडई पिछले 9 वर्षों से अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस मौके पर कंपनी के डायरेक्टर गौरव मध्यानी और मनि वंशिका श्रेष्ठ मध्यानी उपस्थित थे। जीएम घनश्याम सोनी ने बताया कि न्यू क्रेटा इलेक्ट्रिक की शुरुआती कीमत 17.99 लाख रुपए रखी गई है और यह एक बार फुल चार्ज करने पर 473 किलोमीटर तक की माइलेज देती है। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी में 32 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स शामिल हैं, जो इसे सुरक्षित बनाते हैं। इसके अलावा एडवांस फीचर्स में फास्टैग रीचार्ज, डायरेक्ट पेमेंट के जरिए लेन-देन और व्हीकल टू लोड जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। न्यू क्रेटा इलेक्ट्रिक को आकर्षक ओसियन ब्लू कलर में लॉन्च किया गया है।



# एसईसीआर ने समय से पहले 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान का बनाया नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान का नया रिकॉर्ड कायम किया है। यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के अब तक सबसे अधिक लदान और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने सर्वाधिक लदान करने वाले जोन में से एक होने के खिताब और परंपरा को बरकरार रखा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के 1 अप्रैल 2024 से 20 जनवरी 2025 तक 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान किया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 318 दिनों वित्तीय वर्ष 2022-23 में 345 दिनों तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 348 दिनों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

भारतीय रेलवे में 65% इंक्रीमेंटल लोडिंग की भागीदारी के साथ यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वृद्धि ऐसे समय में हुआ है जब रेलवे में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए रेल लाइनों का दोहरीकरण, तीहरीकरण एवं चौथी लाइन जैसे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी काम किए जा रहे हैं। देश के औद्योगिक विकास में योगदान देते हुए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माल लदान में नए कीर्तिमान को जल्द ही हासिल कर लेंगे।

- देश के औद्योगिक विकास में बड़ा योगदान, हर साल नया लक्ष्य

### कोयला, लोहा, सीमेंट और खाद्यान्न लोड किया

इस अवधि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान, रासायनिक खाद, खनिज तेल एवं स्टील कारखानों के लिए कच्चे माल आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है। भारतीय रेलवे में सर्वाधिक माल ढुलाई करने वाले रेल मंडल बिलासपुर ने पिछले वर्ष की तुलना में 32 दिन पहले ही 150 मिलियन टन माल ढुलाई के आंकड़े को हासिल किया है।

### शपथ पत्र

मैं प्रदीप कुमार शर्मा उम्र 42 वर्ष पिता श्री रामाधार शर्मा हाल मुकाम-श्वेता आटा चक्की के पास, मौलीपारा तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. निम्नलिखीत शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं- यह कि मेरा नाम पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया था जिसका पंजीकरण संख्या बी-2023-23-03779-000002 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम अवनी शर्मा दर्ज है। यह कि मेरी पुत्री की कक्षा नवमीं की मार्कशीट में भी नाम अवनी शर्मा दर्ज है। यह कि मैं सामान्य वर्ग के अंतर्गत आता हूं। तथा मेरे पूर्वज अपने (उपनाम) सरनेम में पडारहा लिखा करते थे जिसके बाद पडारहा के स्थान पर शर्मा लिखा जाने लगा। यह कि त्रुटिवश मेरी पुत्री के कक्षा 1 से लेकर 8 वी तक स्कूल में नाम अवनी पडारहा दर्ज है जिसे सुधरवाकर कक्षा 9 वीं से अवनी शर्मा दर्ज करवा दिया गया है। यह कि मेरी पुत्री का पूर्व का नाम अवनी पडारहा है तथा वर्तमान में अवनी शर्मा है यह दोनों नाम मेरी एक ही पुत्री के है। तथा वर्तमान में केवल एक ही नाम अवनी शर्मा चाहता हूं। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम अवनी पडारहा दर्ज है जिसे सुधरवाकर सही नाम अवनी शर्मा करवाना चाहता हूं। तथा मेरी पुत्री को अवनी शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये जिसके लिए गजट नोटिफिकेशन करवाने के लिए सक्षम अधिकारी की जो भी नियम व शर्तें होंगी वह मुझे मान्य होगी। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज नाम अवनी पडारहा के स्थान पर मेरी पुत्री का सही नाम अवनी शर्मा दर्ज करने के सत्यता के प्रमाण स्वरूप यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

प्रदीप कुमार शर्मा

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला - रायपुर

**आम सूचना**

जारी दिनांक- 22.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- धनेली प.ह.न.- 81 रा.नि.मं- रायपुर- 18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक जे.बी.जी. नान वोवेन इन्डस्ट्रीज पार्टनर विशाल थौरानी पिता श्री सतीश थौरानी निवासी एम.एम. निवासी बंगला नंबर 06, गोदड़ीवाला सिटी बाबा गेलाराम नगर देवपुरी रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 77/5 रकबा 0.2480 हे., ख.न. 15001 रकबा 0.3910 हे., ख.न. 15002 रकबा 0.4490 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ क/ वाचक/ तहसीलदार/2025 रायपुर आदेश दिनांक 17/01/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक- 03/02/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर-18

### शपथ पत्र

मै आशीष खण्डेलवाल पिता स्व. श्री विरेन्द्र खण्डेलवाल निवासी बी 102 सी जी हाईटस दुबे कालोनी मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

1. यह कि मेरा नाम उपरोक्तानुसार सत्य व सही है ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड मे मेरा नाम ASHISH KHANDELWAL अंकित है । मेरा आधार नंबर 9773 2987 7667 है मेरा पेन कार्ड क्रमांक ANHPK5637R है।
3. यह कि मेरी पुत्री युक्ता खण्डेलवाल के कक्षा दसवी एवं बारहवी की अंकसूची मे मेरा नाम याने पिता का नाम ASHISH V KHANDELWAL अंकित है।
4. यह कि ASHISH KHANDELWAL एवं ASHISH V KHANDELWAL एक ही व्यक्ति है मेरा ही नाम है।
5. यह कि उक्त दी गई जानकारी सत्य व सही है भविष्य मे किसी प्रकार का वाद विवाद होता है तो समस्त जवाबदारी मेरी होगी।

शपथकर्ता

**- सत्यापन -**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 की बातें मेरे निजी जानकारी से सही व सत्य है अतः आज हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

दिनांक :- 22.01.2025 शपथकर्ता

### शपथ पत्र

मै नीता खण्डेलवाल पति आशीष खण्डेलवाल निवासी बी 102 सी जी हाईटस दुबे कालोनी मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं :-

1. यह कि मेरा नाम उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड मे मेरा नाम NEETA KHANDELWAL अंकित है । मेरा आधार नंबर 3581 2421 4332 है मेरा पेन कार्ड क्रमांक ATUPK5504A है।
3. यह कि मेरी पुत्री युक्ता खण्डेलवाल के कक्षा दसवी एवं बारहवी की अंकसूची मे मेरा नाम याने माता का नाम NEETA A KHANDELWAL अंकित है।
4. यह कि NEETA KHANDELWAL एवं NEETA A KHANDELWAL एक ही व्यक्ति है मेरा ही नाम है।
5. यह कि उक्त दी गई जानकारी सत्य व सही है भविष्य मे किसी प्रकार का वाद विवाद होता है तो समस्त जवाबदारी मेरी होगी।

शपथकर्ता

**- सत्यापन -**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 की बातें मेरे निजी जानकारी से सही व सत्य है अतः आज हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

दिनांक :- 22.01.2025 शपथकर्ता

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


## खबर संक्षेप

### शुक्ल भवन में कल ध्वज फहराएंगे अमितेश



रायपुर। छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के केंद्रीय कार्यालय शुक्ल भवन बूढ़ापारा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल प्रातः 10 बजे ध्वज फहराएंगे। परिषद के महामंत्री रामअवतार देवांगन एवं प्रवक्ता नितिन कुमार झा ने परिषद के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा समस्त शुक्ल समर्थकों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। 24 फरवरी से 21 मार्च तक बजट सत्र चलेगा। सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने पिछले दिनों सबसे पहले यह खबर दी थी कि विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा। उस समय विधानसभा की अधिसूचना जारी नहीं हुई थी, लेकिन शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय ने बजट सत्र की अधिसूचना जारी की है।

### शिवसेना से हिमांशु होंगे अम्लेश्वर नपाध्यक्ष प्रत्याशी



रायपुर। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष मधुकर पांडेय, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव ,कमलाकर यादव ने बैठक में निर्णय लेते युवा नेता हिमांशु शर्मा को अम्लेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बनाया है।

### उत्तराखंड में नेशनल गेम्स छत्तीसगढ़ के शूटर्स का चयन



रायपुर। उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए छत्तीसगढ़ से 10 शूटर्स का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा किया गया हैं, जिसमें सभी खिलाड़ियों का चयन लास्ट चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। ये शूटर्स उत्तराखंड के देहरादून के मैदान में अपना निशाना साधेंगे, जिसका आयोजन 28 जनवरी से शुरू हो जाएगा। खिलाड़ियों में परमपाल सिंह स्कीटमेन, कुंवर कार्तिक सिंह-50 मीटर 3पी मेन, दिव्यांशु देवांगन 10 मीटर एयर राइफल मेन, प्रान्जुश्री 10 मीटर एयर राइफल वीमेन, शेषांक मसीह 10 मीटर एयर पिस्टल मेन आदि की टीम रवाना होंगे।

# हेल्थ सेंटरों की ओपीडी में कोताही, 54 को नोटिस, अब डाक्टरों को देना होगा जीपीएस लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**खास-खबर**

प्राथमिक उपचार की सुविधा देने वाले हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक के डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टाफ ओपीडी संचालन में कोताही बरत रहे हैं। सीएमएचओ ने व्यवस्था सुधारने 4 हमर अस्पताल और 50 हमर क्लीनिक के प्रभारी डाक्टरों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है। दो शिफ्ट यानी सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक संचालित ओपीडी में ड्यूटी वाले डाक्टर को जीपीएस लोकेशन के साथ अटेंडेंस भेजना होगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर के समीप ही लोगों को सर्दी-बुखार जैसी समस्या के इलाज के लिए हमर क्लीनिक और बड़ी परेशानी के निदान के लिए हमर अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से चौबीस घंटे और सातों दिन इमरजेंसी सेवा देनी है और शासकीय अवकाश को छोड़कर शेष दिनों में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे और दोपहर 2 से रात्रि 8 बजे तक ओपीडी में मरीजों की जांच की जानी है। पिछले कुछ समय से शिकायत मिल रही थी कि डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गंभीरता दिखाई है और सभी हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को नोटिस देकर सुधर जाने की चेतावनी दी है। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि उन्हें ड्यूटी में उपस्थिति के दौरान अपने जीपीएस लोकेशन के साथ तस्वीर खींचकर शेयर करना होगा।

## व्यवस्था सुधारने 4 हमर अस्पताल और 50 हमर क्लीनिक को दी गई चेतावनी

### नए डाक्टरों की नियुक्ति

उपचार सुविधा को बेहतर बनाए रखने के लिए संचालित किए जाने वाले हमर क्लीनिक में नए चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ हमर अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञ सहित अन्य स्टाफ तैनात किया गया है। हमर क्लीनिक में उपचार के साथ टीकाकरण की सुविधा दी जाती है। हमर अस्पताल में विभिन्न तरह के इलाज के साथ महिलाओं को प्रसव की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।



- सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक दो शिफ्ट में किया जाना है मरीजों का इलाज

### चार स्थानों में हमर अस्पताल

रायपुर में चार स्थानों में हमर अस्पताल का संचालन किया जाता है। इनमें भाठागांव, गुढ़ियारी, राजातालाब तथा भनपुरी में हमर अस्पताल का संचालन किया जाता है। इन सभी स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन होने वाली ओपीडी में मरीजों की संख्या डेढ़ से दो सौ के बीच होती है। शासन द्वारा बनाए गए नियम के मुताबिक तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक ओपीडी का संचालन किया जाना है।

### लापरवाही पर कार्रवाई

तमाम हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक में दो शिफ्ट में ओपीडी का संचालन किया जाना है। इसके लिए सबको नोटिस जारी किया गया है। नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

## रावांभाठा में पहले मैदान का निर्माण अटका, युवाओं को 24 महीने में नहीं मिली सुविधा

# खेल मैदान विवाद में फंसा, कालम में लगे सरिया की चोरी, नहीं तय की नई एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

आउटरडोर खेल मैदान की सुविधा के लिए युवाओं को अभी इंतजार करना होगा। रावांभाठा में सुविधा देने के लिए शुरू करवाया गया निर्माण विवाद में फंसा है। इस खेल मैदान को 11 महीने में आकार देना था, वह 24 महीने से फाइलों में सिमटा हुआ है। कालम तैयार करने में लगाया गया सरिया भी चोर ले गए, इससे मैदान में निर्माण का नामो-निशान नहीं बचा है।

बिरगांव निगम ने रावांभाठा वार्ड में एक एकड़ से ज्यादा एरिया में खेल मैदान बनाने के लिए जिम्मेदारों ने जिस एजेंसी को काम दिया, उसने प्रोजेक्ट 2023 में पूरा नहीं किया। इसे देखते हुए आयुक्त ने पार्षदों की आपत्ति पर एजेंसी को 2024 में ब्लैक लिस्टेड किया। इसके बाद विवाद की स्थिति को सुलझाने में समय लगने से नई एजेंसी तय करने के लिए बुलाई गई निविदा भी प्रक्रिया का हिस्सा बनी हुई है। आचार संहिता के कारण आगे की कार्यवाही भी जिम्मेदार नहीं कर पाए हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद सालभर में सिर्फ कालम बन पाया था। काम बंद होने की स्थिति में भी फंड यथावत है। जिस एजेंसी को काम दिया जाएगा, उससे पहले बाउंड्री का निर्माण करवाया जाएगा।



### विवाद सुलझाने में लगा

पुरानी एजेंसी का मसौदा सुलझाने के लिए उसे एक बार फिर कारण बताओ नोटिस देने की प्रक्रिया चुनावी आचार संहिता के बाद करेंगे। इसके बाद नई एजेंसी तय करके काम शुरू करवाया जाएगा।

- **यूके उर्वशा,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### उदासीनता से अटकी सुविधा

निगम प्रशासन और महापौर की उदासीनता के कारण खेल मैदान की सुविधा तय समय में नहीं मिल पाई। जिस एजेंसी को काम दिया, उसके कार्यों की समीक्षा में कोताही के कारण युवाओं की सुविधा अटकी है।

- **ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, बिरगांव

### खेल मैदान में होगी यह सुविधा

*युवाओं को आउटडोर खेल के लिए मैदान की सुविधा देने के लिए दो साल पहले की गई कवायद के बाद निगम को सरकार से वित्तीय मंजूरी मिली। तब निगम के जिम्मेदारों ने निर्माण एजेंसी को बाउंड्री निर्माण के साथ मैदान समतल करने व दर्शकों को बैठने की सुविधा देने के लिए गैलरी बनाने की जिम्मेदारी दी गई। चेंजिंग रूम और रोशनी की सुविधा का भी प्रावधान किया। नई एजेंसी को पुराने प्रावधानों के तहत ही निर्माण की जिम्मेदारी देने की तैयारी निगम प्रशासन ने की है, लेकिन इसके लिए इंतजार करना होगा।*

### 1.10 करोड़ में बनेगा खेल मैदान

*रावांभाठा वार्ड में 30 हजार की आबादी निवास करती है। इनके बीच सुविधाओं का अभाव अरसे से बना है। इसे देखते हुए 5 वार्ड के युवाओं को सुविधा देने के लिए निगम प्रशासन ने 1.10 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू किया। एजेंसी की मनमानी और विवाद के कारण लोगों को मिलने वाली सुविधा अभी तक नहीं मिल पाई। अब नई एजेंसी तय करने के लिए निविदा मंगाने के बाद जिम्मेदार विवाद को देखते हुए नहीं खोल रहे हैं। बताया जाता है कि चुनाव के बाद पुरानी एजेंसी को फिर से कारण बताओं नोटिस जाएगा।*

# मोबाइल संग पकड़े गए परीक्षा में तो दो साल का प्रतिबंध

## अब अफवाह फैलाना भी अनुचित साधन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में मोबाइल फोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। अगर कोई छात्र मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ पकड़ा गया, तो उसे दो साल तक परीक्षा के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। अभी ऐसे मामलों में एक साल तक परीक्षा देने पर रोक है। यही नहीं, अफवाह फैलाने को भी अनुचित साधनों में शामिल किया गया है। सीबीएसई के अनुसार, परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपयोग करने या अपने पास रखने पर छात्र न केवल इस साल, बल्कि अगले वर्ष तक परीक्षा नहीं दे सकेंगे।

पिछले कई वर्षों में छात्रों की ओर से सोशल मीडिया पर परीक्षा को लेकर गलत अफवाहें फैलाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में इन्हें रोकने के लिए सीबीएसई ने सोशल मीडिया पर परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने को भी अनुचित साधनों के नियम में शामिल किया है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस बार परीक्षा में निष्पक्षता, बेहतर निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे होंगे।

### इस माह जारी होंगे प्रवेशपत्र

सीबीएसई के 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे। बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के एडमिट कार्ड को **cbse.gov.in** पर जारी किया जाएगा। इसके बाद स्कूलों के प्रमुख इस एडमिट कार्ड को छात्रों के क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल कर के आधिकारिक वेब पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। बता दें कि रेगुलर छात्रों को 10वीं और 12वीं कक्षा परीक्षा का एडमिट कार्ड प्रिंसिपल द्वारा साइन होने के बाद स्कूल से प्राप्त करना होगा। वहीं, प्राइवेट छात्र सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **cbse.gov.in** से डाउनलोड कर सकेंगे। बता दें कि एडमिट कार्ड में छात्र का नाम, रोल नंबर, परीक्षा केंद्र का पता, परीक्षा की तारीख और समय जैसी सभी जरूरी जानकारी दी जाएगी।

# पिछले साल की धान खरीदी का टूटा रिकार्ड आंकड़ा 145 लाख मीट्रिक टन से पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- 25 लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान, अभी तक 29 हजार 599 करोड़ रूपए का भुगतान
- कुल खरीदी का 110 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी
- 87 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का हो चुका है उठाव




छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक के धान खरीदी में पिछले साल का रिकार्ड टूट गया है। पिछले वर्ष 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। इस वर्ष आज दिनांक तक हुई धान खरीदी का आंकड़ा 145 लाख मीट्रिक टन से पार हो गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 25 लाख 13 हजार किसान धान बेच चुके हैं। धान खरीदी के एवज में बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत अभी तक किसानों को 29 हजार 599 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अभी तक 110 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध 87 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथि का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य की तहत 24 जनवरी को 30 हजार 762 किसानों से 1.41 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके लिए 58 हजार 997 टोकन जारी किए गए थे।

**एटीआर में बाघिन की मौत**

# रेस्क्यू बाघ के मवेशीखोर होने से प्रबंधन पर उठ रहे सवाल

- दो दिन के बाद एटीआर प्रबंधन को बाघिन की मौत की जानकारी मिली
- चिरमिरी से रेस्क्यू कर लाया गया बाघ अमरकंटक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने संघर्षरत वन विभाग के प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। एटीआर में आपसी संघर्ष में एकेटी-13 नामक बाघिन की मौत हो गई है। प्रकृतिक आवास को लेकर बाघों के बीच संघर्ष होने की बात सामने आई है। बाघिन की मौत की घटना की जानकारी वन अफसरों की टीम को दो दिन बाद शुक्रवार को मिली। इसके साथ ही चिरमिरी से रेस्क्यू कर लाया बाघ मवेशीखोर हो गया है। इसके चलते बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वन विभाग के लिए राहत की बात यह है कि रेस्क्यू बाघ वर्तमान में मध्यप्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। अचानकमार में बाघिन की लाश लमनी क्षेत्र के चिरहट्टा के पास मिली है। घटना के बाद वन अफसरों की उदासीनता भी सामने आई। जानकारी होने के बावजूद, अधिकारी दोपहर बाद ही घटनास्थल पर पहुंचे, जो वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी गंभीरता पर सवाल उठाता है। जिस बाघिन की मौत हुई है। बताया जा रहा है, उक्त बाघिन लमनी क्षेत्र के आस-पास विचरण करती है। अचानकमार में पिछले एक साल में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में एटीआर में बाघों की संख्या 10 हो गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वन अफसरों को विशेष सतर्कता बरतने के साथ मैनेजमेंट में और सुधार करने की जरूरत है।

### प्रे-बेस की कमी से संकट गहराया

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनके शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में वन्यजीव नहीं है। क्षेत्र में विचरण कर रहे बाघ पेट भरने के लिए वनों में चरने वाले पालतू मवेशियों का शिकार करते हैं। जानकारों के अनुसार शिकार की कमी के चलते चिरमिरी से रेस्क्यू बाघ अचानकमार से निकलकर कोरबा, मरवाही, पेंड्रा में भटकते हुए अमरकंटक पहुंच गया है। जंगल में भटक रहे बाघ द्वारा अब तक आधा दर्जन मवेशियों का शिकार कर चुका है। इसके चलते बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

### गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में छग से 7 आदिवासी परिवार होंगे शामिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के 7 आदिवासी परिवारों को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा इन परिवारों को बतौर विशेष अतिथि आमंत्रित किया गया है। जशपुर से तीन आदिवासी हितग्राही, नक्सलग्रस्त जिला कोंडागांव से एक आदिवासी हितग्राही, कोरबा से दो हितग्राही एवं बेमेतरा जिले से एक हितग्राही परेड में शामिल होने 22 जनवरी को गोंडवाना एक्सप्रेस से हजरत निजामुद्दीन दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, अंत्यावसायी विभाग के प्रबंध संचालक पीएस एल्मा एवं सचिव गायत्री नेताम ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया।




### महाराष्ट्र मंडल में आज मकर संक्रांति का भव्य हल्दी कुमकुम

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल में शनिवार को दोपहर 2.30 बजे से मकर संक्रांति पर साल का सबसे बड़ा हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसमें विभिन्न महिला केंद्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोरंजक प्रस्तुतियां देंगे। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि हल्दी कुमकुम में महाराष्ट्र की रंगोली की परंपरा को जीवित रखने के लिए 15 गुना 15 बिंदु की रंगोली इस पर आधारित मंदाकिनी बाला साहेब कुसरे स्मृति प्रतियोगिता होगी। फ्री हैंड रंगोली के बढ़ते चलन के कारण बिंदु वाली रंगोली का प्रचलन लगातार कम हो रहा है, जबकि वास्तव में यही रंगोली हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। जिसे बनाए रखने के लिए यह रंगोली स्पर्धा आयोजित की गई है। विशाखा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सड्डू-मोवा केंद्र से हर राज्य में कैसे संक्रांत मनाई जाती है, इसे दर्शाते हुए नृत्य नाटिका का मंचन होगा। वल्लभनगर केंद्र गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हो रहे इस आयोजन में देशभक्ति की थीम पर नृत्य प्रस्तुत करेगा।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## एमसीएच छात्र शुल्क दे रहे हर महीने पांच हजार

# हॉस्टल बना डीके अस्पताल का वीआईपी वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- हास्टल बनाने की हो चुकी घोषणा, बजट के अभाव अब तक शुरू नहीं हो पाया काम

डीके अस्पताल के तीन विभागों में संचालित एमसीएच (सुपर स्पेशलिटी) कोर्स के छात्रों के लिए स्थायी आवास की व्यवस्था नहीं हो पाई है। अध्ययन अवधि के दौरान उन्हें अस्पताल के वीआईपी वार्ड में ठहराया जाता है जिसका शुल्क हर महीने पांच हजार रुपए हैं। शासन द्वारा इन छात्रों के लिए हास्टल बनाने की घोषणा हो चुकी है मगर बजट के अभाव में अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। मेडिकल कालेजों में संचालित होने वाले पीजी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से आवास शुल्क के रूप में पांच हजार रुपए लिया जाता है। एमसीएच-डीएम विशेषज्ञों का अलग से कैडर नहीं होने की वजह उन्हें सुपरस्पेशलिटी कोर्स होने के बाद भी उन्हें पीजी छात्रों की तरह स्टाइपेंड का भुगतान किया जाता है। डीके अस्पताल में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी करने के साथ मरीजों का उपचार करने वाले डाक्टरों में इसे लेकर नाराजगी उभरने लगी है। पिछले दिनों छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह के नेतृत्व में इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। उन्हें छात्रवृति पीजी के बराबर मिलती है मगर हास्टल फीस के नाम पर हर महीने आठ से नौ गुना अधिक राशि वसूली जाती है। यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में डीएम और एमीसीएच के डाक्टरों को स्टाइपेंड काफी कम मिलता है। डीके अस्पताल के एमसीएच छात्रों के लिए हास्टल सहित अन्य निर्माण के लिए करीब 16 करोड़ की योजना को स्वीकृति दी गई थी। बजट के अभाव में इसका काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

### तीन विषयों में एमसीएच

*वर्तमान में डीके अस्पताल में न्यूरो सर्जरी विभाग में 2, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में 1 तथा पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में तीन सीटों पर एमसीएच का कोर्स संचालित किया जाता है। तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के हिसाब वहां 18 डाक्टर एमसीएच की पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। अलग से हास्टल नहीं होने की वजह से उन्हें बनाए गए वीआईपी वार्ड में ही ठहराया जाता है।*

### अध्ययन अवकाश का मसला भी

*स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के दौरान वहां नियमित चिकित्सा अधिकारियों को पीजी की पढ़ाई के लिए सवैतनिक अध्ययन अवकाश दिए जाने का मामला भी उठा। वर्तमान में उन्हें दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है जबकि पीजी की पढ़ाई तीन साल की होती है। दोनों मामलों में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन स्वास्थ्य मंत्री ने दिया है।*

